অণিমা (अणिमा, aṇimā)—*n.* अष्ट सिद्धियों में पहिली सिद्धि जिस से योगी इतना सूक्ष्म बन जाता है कि किसी को दिखाई नहीं देता, the first of the eight *siddhis* which makes a yogi infinitely small and invisible.

অণু (अणु, aṇu)—*n.* अणु, सूक्ष्मतम अविभाज्य कण, a minute particle, an atom.

অণ্ড (अण्ड, anḍa)—*n.* अंडा, अंडकोष, फोता, an egg, the scrotal gland, a testicle.

—কোষ (अंडकोष, anḍakosh) *n.* फोता, खुसिया, the scrotal sack.

অণ্ডাকার (अंडाकार, anḍākār)—*a.* अंडाकार, अंडे के आकार का, oval, egg-shaped.

অত (अत, ata)—*a.* उतना, उस मात्रा का, so much, that much.

অতঃপর (अतःपर, atappar)—*adv.* उस के बाद, अनन्तर, तत्पश्चात्, henceforth, after this, hereafter.

অতএব (अतएव, atayēb)—*adv.* अतः, इसलिये, इस वजह से, therefore, hence, for this reason.

অতথ্য (अतथ्य, atathya)—*a.* असत्य, अयथार्थ, मिथ्या, untrue, unreal, inaccurate, false.

অতনু (अतनु, atanu)—*a.* अतनु, शरीर-रहित, not corporeal, bodiless. —*n.* अनंग, कामदेव, an epithet of kamadeva.

অতন্দ্র (अतंद्र, atandra)—*a.* अतंद्र, तंद्राहीन, सजग, सावधान, sleepless, not sleeping, watchful, vigilant, alert.

অতন্দ্রিত (अतंद्रित, atandrita)—*a. see* অতন্দ্র ।

অতর্ক (अतर्क, atarka)—*a.* कुतर्क, वृथा बहस, without argument, unfair or foolish argument.

অতর্কিত (अतर्कित, atarkita)—*a.* पहले से विचार न किया हुआ, unthought of, unobserved.

অতর্কিতে (अतर्किते, atarkitē)—*adv.* असावधान अवस्था में, आकस्मिक, अचानक, in an unguarded state, suddenly, unawares.

অতল (अतल, atal)—*a.* तलशून्य, बहुत गहरा, अगाध, bottomless, abysmal, unfathomable.

অত-শত (अत-शत, ata-śata)—*n.* वह सब, all that, so many varieties. —*a.* उतने किस्म के, so varied, so much, so many.

অতসী (अतसी, atashī)—*n.* एक पीला फूल, तीसी, a kind of flower, linseed plant.

অতি (अति, ati)—*adv.*, *ind.* अत्यंत, बहुत अधिक, excessively, very much, too much, beyond, over.

অতিকায় (अतिकाय, atikāya)—*a.* विशाल शरीर वाला, having a huge body, gigantic.

অতিক্রম (अतिक्रम, atikram)—*n.* लंघन, अतिक्रमण, the passing or going beyond bounds, transgression.

অতিক্রান্ত (अतिक्रांत, atikrānta) *a.* लंघन या अतिक्रमण किया हुआ, गत, बीता हुआ, passed beyond.

অতিথি (अतिथि, atithi)—*n.* अतिथि, मेहमान, guest, stranger.

অতিরঞ্জন (अतिरंजन, atiranjan) —*n.* बहुत अधिक मिथ्याका रंग

চढ़ाया हुआ वर्णन, अत्युक्ति, exaggeration.

অতিরঞ্জিত (अतिरंजित, atiranjita) —*a.* मिथ्या का रंग चढ़ाकर वर्णित, exaggerated.

অতিরিক্ত (अतिरिक्त, atirikta)—*a.* अधिक, ज्यादा, more than what is needed, additional.

অতিরেক (अतिरेक, atirēk)—*n.* अधिकता, आधिक्य, वहुतायत, superfluity, excess, surplus.

অতিশয় (अतिशय, atiśaya)—*a.* अत्यंत, अधिक, ज्यादा, too many, too much, excessive.

অতিষ্ঠ (अतिष्ठ, atisṭha)—*a.* अधीर, घबराया हुआ, तंग, unable to stay, restless, irritated.

অতিসার (अतिसार, atishār)—*n.* उदरामय, पतला दस्त, excessive motions, diarrhoea.

অতীত (अतीत, atīt)—*a.* बीता हुआ, passed away, elapsed.

অতুল, অতুলনীয় (अतुल, अतुलनीय, atul, atulaniya)—*a.* तुलना-रहित, अनुपम, incomparable, beyond compare, matchless.

অতৃপ্ত (अतृप्त, atripta)—*a.* तृप्ति-रहित, असन्तुष्ट, not satiated, not satisfied, not pleased.

অতৃপ্তি (अतृप्ति, atripti)—*n.* तृप्ति का अभाव, असन्तोष, lack of satiation or gratification.

অত্যধিক (अत्यधिक, atyadhik)—*a.* बहुत अधिक, very much, too much, excessive.

অত্যল্প (अत्यल्प, atyalpa)—*a.* बहुत थोड़ा, very little or very few, scanty.

অত্যাচার (अत्याचार, atyāchār) *n.* जुल्म, ज्यादती, oppression, outrage, tyranny.

অত্যাচারী (अत्याचारी, atyāchāri) —*a.* अत्याचार या जुल्म करनेवाला, दुराचारी, outrageous, tyrannical, oppressive. —*n.* जो अत्याचार करता है, oppressor.

অত্যাবশ্যক (अत्यावश्यक, atyabashyak)—*a.* अधिक आवश्यक, बहुत जरूरी, very urgent or important, essential.

অত্যাশ্চর্য (अत्याश्चर्य, atyāshcharja)—*a.* बहुत विलक्षण, बहुत अचंभे का, most astonishing, very wonderful, miraculous.

অত্যুক্তি (अत्युक्ति, atyukti)—*n.* बढ़ा-चढ़ाकर कही हुई बात, अतिशयोक्ति, exaggeration.

অত্র (अत्र, atra)—*adv.* यहाँ, इस जगह, here, in this place.

অথই, অথৈ (अथै, athai)—*a.* अगाध, बहुत गहरा, unfathomable, very deep.

অথচ (अथच, athacha)—*ind.* तथापि, तोभी, even then, yet.

অথবা (अथवा, athabā)—*ind.* या, किंवा, अथवा, or, otherwise.

অথর্ব (अथर्व, atharba)—*a.* जराग्रस्त, अकर्मण्य, disabled, unable to move (*esp.* owing to age). —*n.* अथर्व वेद, the last one of the four *Vedas.*

অদল বদল (अदल बदल, adal badal—*n.* परिवर्तन, हेरफेर, उलटपुलट, interchange, alteration, mutual transfer, exchange.

অদূর (अदूर, adūr)—*a.* ज्यादा दूर नहीं, निकटवर्ती, not distant, not far, near. —দর্শিতা (अदूरदर्शिता, adūradarshitā)—*n.* भविष्य दृष्टिका अभाव, नासमझी, absence of foresight, imprudence. —দর্শী (अदूरदर्शी, adūrdarshi)—*a.* भविष्य न देखनेवाला, नासमझ, bereft of foresight, imprudent.

অদূরে (अदूरे, adūrē)—*adv.* निकट, थोड़ी दूर पर, not far away, not a great way off.

অদৃশ্য (अदृश्य, adrishya)—*a.* न दिखाई पड़नेवाला, गायब, out of sight, invisible, vanished.

অদৃষ্ট (अदृष्ट, adrisṭa)—*a.* न देखा हुआ, not seen, unseen.—*n.* भाग्य, नसीब, तकदीर, fate, luck, fortune, destiny. —পূর্ব (अदृष्टपूर्व, adrisṭapurba) *a.* पहले से न देखा हुआ, not seen before, unprecedented.

অদেখা (अदेखा, adekhā)—*a.* अनदेखा, बिना देखा हुआ, अदृष्ट, unseen, not seen.

অদেয় (अदेय, adēya)—*a.* देनेके अयोग्य, not fit to be given, not to be parted with.

অদ্ভুত (अद्भुत, adbhut)—*a.* विलक्षण, आश्चर्यजनक, अनोखा, बेढंगा, strange, wonderful, odd, uncouth. —কর্মা (अद्भुतकर्मा, adbhut-karmā) *a.* असाधारण कार्य करने वाला endowed with extraordinary capabilities, wonderfully active.

অদ্য (अद्य, adya)—*adv.* आज, अब, today. —কার (अद्यकार, adyakār) *a.* आज का, of today.

অদ্যাপি (अद्यापि, adyāpi)—*adv.* आज भी, अभी तक, even today, even now, even at present.

অদ্যাবধি (अद्यावधि, adyābadhi) —*adv.* आजतक, आज से, from this day forth, till today, till now, hereafter.

অদ্রোহ (अद्रोह, adroha)—*n.* वैर का अभाव, अहिंसा, शान्ति, want of envy or malice, absence of ill-will or enmity, peace.

অদ্বিতীয় (अद्वितीय, additiya)—*a.* बेजोड़, तुलनारहित, having no

second or parallel, absolute, matchless, peerless.

অদ্বৈত (अद्वैत, addaita)—*a.* द्वितीय-रहित, अद्वितीय, without duality or dualism, non-dual, absolute. —*n.* ब्रह्म, Brahma, the Almighty. —বাদ (अद्वैत-वाद, addaitabād) *n.* अद्वयवाद, non-dualism, monotheism.

অধঃ (अधः, adhah)—*adv.* नीचे, तले, भीतर, down, beneath, below. —পতন (अधःपतन, adhappatan) *n.* नीचे पतन, अवनति, दुर्दशा, downfall, degradation, moral downfall. —পতিত (अधःपतित, adhappatita) *a.* नीचे गिरा हुआ, अवनत, नीचता प्राप्त, fallen down, degraded. —পাত (अधः पात, adhappāt) *n.* अधः पतन, downfall, degradation.

অধম (अधम, adham)—*n.* नीच, बुरा, दुराचारी, inferior, vile, mean, low, despicable.

অধমর্ণ (अधमर्ण, adhamarṇa)—*n.* कर्जदार, देनदार, ऋणी, a debtor.

অধমাধম (अधमाधम, adhamādham)—*a.* अधमोंका अधम, अत्यंत अधम, vilest of the vile, meanest of the mean.

অধর (अधर, adhar)—*n.* नीचेका होंठ, ओठ, the lower lip, any of the two lips.

অধর্ম (अधर्म, adharma)—*a.* अन्याय, पाप, कुकर्म, a sinful act, a sin, irreligiousness.

অধর্মী (अधर्मी, adharmi)—*a.* अधार्मिक, पापी, sinful, impious, irreligious, unrighteous.

অধস্তন (अधस्तन, adhastan)—*a.* निम्नस्थ, नीचेका, standing or situated beneath, lying under, following.

অধার্মিক (अधार्मिक, adhārmik) —*a.* धर्महीन, पापी, irreligious, impious, sinful, wicked.

অধিক (अधिक, adhik)—*a.* बहुत, ज्यादा, many, much, more.

অধিকর্তা (अधिकर्ता, adhikartā)—*n.* परिचालक, संचालक, director,

অধিকাংশ (अधिकांश, adhikāngsha)—*n.* अधिक अंश, ज्यादा हिस्सा, major part, most part, greater portion.

অধিকার (अधिकार, adhikār)—*n.* स्वत्त्व, स्वामित्व, हक, दखल, सरकारी उच्च विभाग, right, ownership, authority, directorate.

অধিকারী (अधिकारी, adhikāri) —*n.* मालिक, स्वामी, दखील, proprietor, owner, authority.

অধিকৃত (अधिकृत, adhikrita)—*a.* अधिकार में आया हुआ, प्राप्त,

occupied, taken possession of, brought under control.

অধিগত (अधिगत, adhigata)—*a.* प्राप्त, ज्ञात, attained, obtained, gained, learned, known.

অধিত্যকা (अधित्यका, adhityakā) —*n.* पहाड़ के ऊपर की समतल भूमि, a plateau, a table land.

অধিনায়ক (अधिनायक, adhināyak) —*n.* सरदार, नायक, चालक, सेनापति, a leader, a chief, a captain, an army commander.

অধিবাসী (अधिवासी, adhibāshi)— *n.* निवासी, रहनेवाला, an inhabitant, a native, a resident.

অধিবেশন (अधिवेशन, adhibēshan) —*n.* सभा या समिति आदि की बैठक, a meeting, a sitting, a session.

অধিরূঢ় (अधिरूढ़, adhirūṛha)— *a.* आरूढ़, चढ़ा हुआ, ascended, mounted, seated upon.

অধিরোহণ (अधिरोहण, adhirohan) —*n.* आरोहण, act of mounting or ascending or climbing.

অধিষ্ঠান (अधिष्ठान, adhisṭhān)— *n.* अवस्थिति, रहनेका स्थान, act of living, a place of dwelling.

অধীত (अधीत, adhīta)—*a.* पठित, पढ़ा हुआ, read, studied.

অধীন (अधीन, adhīn)—*a.* अधीन, वशीभूत, आश्रित, मातहत, brought under control, subjugated, dependent, subordinate.

অধীনতা (अधीनता, adhinatā)— *n* परवशता, परतंत्रता, मातहती, dependence, subordination, docility, slavery.

অধীর (अधीर, adhīr)—*a.* अस्थिर, चंचल, आतुर, व्याकुल, impatient, restless, troubled, concerned.

অধীরতা, অধৈর্য (अधीरता, अधैर्य, adhiratā, adhairja)—चंचलता, बेचैनी, व्याकुलता, impatience, restlessness, worry, anxiety.

অধীশ্বর (अधीश्वर, adhishshar)— *n.* महाराजा, अधिपति, प्रभु, मालिक, emperor, supreme monarch, paramount king, master.

অধুনা (अधुना, adhunā)—*adv.* आजकल, इनदिनों, अभी, now-a days, in recent times, at present. —তন (अधुनातन) *a.* आजकल का, आधुनिक, of recent times, modern.

অধোগতি (अधोगति, adhogati) —*n.* अवनति, पतन, दुर्दशा, downfall, going downwards degradation, deterioration.

অধোদেশ (अधोदेश, adhodesh) —*n.* निम्नांश, अधोभाग, nether region, lower part, bottom.

অধোবদন (अधोवदन, adhobadan) —*a.* नीचे की ओर मुँह किया हुआ,

सिर झुकाया हुआ, having one's face or head hanging down. (*fem.* অধোবদনা, अधोवदना ।)

অধোমুখ *see* অধোবদন ।

অধ্যক্ষ (अध्यक्ष, addhyakkha)—*n.* अध्यक्ष, सभापति, कर्ता, नायक, संचालक, chairman, president, chief executive, principal. —তা (addhyakkhatā) *n.* अध्यक्षका पद, संचालन, presidentship, principalship.

অধ্যবসায় (अध्यवसाय, addhyabashāya)—*n.* लगातार प्रयत्न, उद्योग, perseverence, continued effort, enterprise.

অধ্যয়ন (अध्ययन, addhyayan)—*n.* पाठ, पठन, पढ़ाई, absorbing study or reading, perusal.

অধ্যাত্ম (अध्यात्म, addhyātma, addhyātta)—*a.* आत्मा सम्बन्धी, पारमार्थिक, spiritual. —তত্ত্ব (addhyātmatatta, addhyāttatatta), आत्मा या परमात्मा से संबंधित ज्ञान, spiritualism.

অধ্যাদেশ (अध्यादेश, addhyādesh) हुक्मनामा, ordinance.

অধ্যাপক (अध्यापक, addhyāpak) —*n.* कॉलेज का शिक्षक, उपाध्याय, आचार्य, a professor, a teacher, an instructor, a preceptor.

অধ্যাপন (अध्यापन, addhyāpan) —*n.* शिक्षण, पढ़ानेका कार्य, teaching, instruction.

অধ্যায় (अध्याय, addhyāya)—*n.* ग्रंथविभाग, परिच्छेद, प्रकरण, chapter, section, canto.

অধ্যাসন (अध्यासन, addhyāshan) —*n.* उपवेशन, act of sitting.

অধ্যুষিত (अध्युषित, addhyushita) —*a.* अवस्थित, अधिष्ठित, वास किया हुआ, inhabited, dwelt in.

অনক্ষর (अनक्षर, anakkhar)—*a.* अपढ़, निरक्षर, अशिक्षित, illiterate, unlettered, uneducated.

অনঘ (अनघ, anagha)—*a.* पापरहित, निष्पाप, पवित्र, sinless, pure, chaste, innocent.

অনঙ্গ (अनंग, ananga)—*a.* देहहीन, अशरीरी, bodiless, corporeal. —*n.* कामदेव, मदन, कन्दर्प, the god of love, Cupid.

অনটন (अनटन, anaṭan)—*n.* अभाव, कमी, want, insufficiency.

অনড় (अनड़, anaṛ)—*n.* अचल, स्थिर, firm, still, motionless, irrevocable, immobile.

অনতিকাল (अनतिकाल, anatikāl) —*n.* ज्यादा समय नहीं, अल्प समय, not long time, a short time. —মধ্যে (अनतिकाल मध्ये, anatikālmaddhyē)—*adv.* थोड़ी देर के अंदर, जल्दी से, in no time, ere long, without delay.

অনধিক (anadhik अनधिक)—*a.* (इस से) ज्यादा नहीं, not exceeding, not more than.

অনধিকার (अनधिकार, anadhikār) —*n.* अधिकार का अभाव, absence of right or claim. —*a.* अधिकार शून्य, unrightful, unauthorised. —চর্চা (अनधिकार चर्चा) *n.* अनधिकार चर्चा, unauthorised interference.

অনন্ত (अनंत, ananta)—*a.* अन्तहीन, सीमाहीन, endless, boundless, unlimited, infinite.

অনন্তর (अनंतर, anantar)—*adv.* उसके बाद, hereafter, thereafter, then, afterwards.

অনন্য (अनन्य, ananya)—*a.* अभिन्न, अद्वितीय, एकमात्र, no other, having no other, not different, identical.

অনন্যকর্মা (अनन्यकर्मा, ananyakarmā)—*a.* जो एक ही काममें लिप्त हो, एकाग्र, having no other work, deeply or exclusively engaged in one.

অনন্যোপায় (अनन्योपाय, ananyopāya)—*a.* अन्य उपाय रहित, having no other means.

অনবদ্য (अनवद्य, anabadya)—*n.* निर्दोष, निर्मल, blameless, flawless, innocent.

অনবধান (अनवधान, anabadhān) —*n.* असमनोयोग, असतर्कता, inattention, carelessness.

অনবরত (अनवरत, anabarata)—*adv.* सर्वदा, हमेशा, अविराम, incessant, continuous, incessantly, continuously.

অনভিজ্ঞ (अनभिज्ञ, anabhigga) —*a.* जिसे अनुभव न हो, नावाकिफ, inexperienced, ignorant.

অনভিপ্রেত (अनभिप्रेत, anabhiprēta)—*a.* जो काम्य न हो, not to one's liking, undesired.

অনভ্যস্ত (अनभ्यस्त, anabhyasta) —*n.* जो अभ्यस्त न हो, जो आदी न हो, unaccustomed.

অনভ্যাস (अनभ्यास, anabhyāsh) —*n.* अभ्यासका अभाव, lack of practice, unwontedness.

অনমনীয় (अनमनीय, anamanīya) —*a.* जो नमनीय या नरम न हो, दृढ़, कठोर, unbending, unyielding.

অনর্গল (अनर्गल, anargal)—*a.* बेरोक, बेधड़क, लगातार, unrestrained, fluent, unhindered.

অনর্থ (अनर्थ, anartha)—*n.* कार्य की हानि, नुकसान, harm, mischief.

অনর্থক (अनर्थक, anarthak)—*a.* निरर्थक, व्यर्थ, बेमतलब, futile, useless, unnecessary.

অনল (अनल, anal)—*n.*अग्नि, आग, fire. —প্রভ (अनलप्रभ, analaprabha)—*a.* luminous like fire, fiery bright.

অনলস (अनलस, analash)—*a.* आलस्यरहित, परिश्रमी, not lazy or indolent, diligent.

অনশন (अनशन, anashan)—*n.* उपवास, अन्नत्याग, निराहार व्रत, fasting, abstinence from food under a solemn vow. —ক্লিষ্ট (अनशनक्लिष्ट, anashanklisṭā) *a.* अन्नके अभावसे दुर्बल, stricken with starvation, famished. —ধর্মঘট (अनशन धर्मघट) *n.* भूख हड़ताल, hunger-strike.

অনস্বীকার্য (अनस्वीकार्य, anashshikārja)—*a.* जिसे अस्वीकार न किया जा सकता, undeniable, that which cannot but be admitted.

অনাক্রমণ (अनाक्रमण, anākraman) —*n.* आक्रमण का अभाव, non-aggression. —চুক্তি (अनाक्रमण चुक्ति, anākraman chukti)—*n.* आक्रमण न करने का बन्धेज, non-aggression pact.

অনাগত (अनागत, anāgata)—*a.* न आया हुआ, भावी, not yet come or arrived, still to come or happen, future.

অনাঘ্রাত (अनाघ्रात, anāghrāta) —*a.* जिसे आघ्राण न किया गया हो, unsmelt, unenjoyed.

অনাচার (अनाचार, anāchār)—*n.* कदाचार, दुराचार, निंदित आचरण, unscriptural or unholy practice, bad conduct.

অনাছিষ্টি, অনাসৃষ্টি (अनाछिष्टि, अनासृष्टि, anāchhisṭi, anāsrisṭi) —*a.* अस्वाभाविक, अद्भुत, unnatural, disorderly, strange.

অনাড়ম্বর (अनाड़ंवर, anāṛambar) —*a.* आड़ंबरशून्य, ऊपरी बनावटके विना, absence of pomp or grandeur, unostentatious.

অনাথ (अनाथ, anāth)—*a.* नाथहीन, विना मालिक का, असहाय, यतीम, without a master, unprotected, helpless.

অনাথাশ্রম (अनाथाश्रम, anātha sram)—*n.* अनाथालय, यतीमखाना, an asylum for the helpless widows, an orphanage.

অনাদর (अनादर, anādar)—*n.* स्नेहका अभाव, उपेक्षा, असम्मान, disrespect, disregard.

অনাদায় (अनादाय, anādāya)—*n.* वेवसूली, non-realization, non-collection. —*a.* बाकी, unrealized, outstanding, due.

অনাদি (अनादि, anādi)—*a.* आदिहीन, जन्मरहित, without a beginning, having no origin.

অনাদৃত (अनादृत, anādrita)—*a.* उपेक्षित, अवहेलित, neglected.

অনাবশ্যক (अनावश्यक, anābashyak) —*a.* प्रयोजनरहित, गैर जरूरी, unnecessary, needless.

অনাবিল (अनाविल, anābil)—*a.* निर्मल, साफ, निर्दोष, not dirty or muddled, clean, unmixed.

অনাবৃত (अनावृत, anābrita)—*a.* न ढँका हुआ, खुला, খোলা, uncovered, bare, naked, open.

অনাবৃষ্টি (अनावृष्टि, anābrisṭi)—*n.* वृष्टि का अभाव, सूखा, want of sufficient rain, drought.

অনাময় (अनामय, anāmaya)—*n.* रोग का अभाव, निरामय, freedom from disease, healthy condition, healthiness.

অনামা (अनामा, anāmā)—*a.* नामरहित, गुमनाम, nameless.

অনামিকা (अनामिका, anāmikā) —*n.* छोटी उंगली के बगल वाली उंगली, the ring-finger.

অনায়াস (अनायास, anāyāsh)—*n.* प्रयास का अभाव, अल्प परिश्रम, state of demanding no exertion, easiness. —লব্ধ (अनायासलब्ध, anāyashlabdha) *a.* बिना प्रयास से लब्ध, obtained or earned without effort or difficulty.

অনায়াসে (अनायासे, anāyāshē)—*adv.* अनायास, without strain or exertion or difficulty.

অনার্য (अनार्य, anārja)—*a.* आर्यजातिसे भिन्न, सभ्यताशून्य, non-Aryan, uncivilized.

অনাসক্ত (अनासक्त, anāshakta) —*a.* निर्लिप्त, अनुरागरहित, not attached, indifferent.

অনাসক্তি (अनासक्ति, anāshakti) —*n.* आसक्ति का अभाव, निर्लिप्तता, absence of attachment or interest, indifference.

অনাসৃষ্টি (अनासृष्टि, anāsrisṭi)—*see* অনাছিষ্টি ।

অনাস্থা (अनास्था, anāsthā)—*n.* आस्था का अभाव, अविश्वास, lack of trust or faith, no-confidence, unreliability.

অনাস্বাদিত (अनास्वादित, anāshshādita)—*a.* स्वाद न लिया हुआ, untasted, unenjoyed.

অনাহত (अनाहत, anāhata)—*a.* आघात अप्राप्त, जिस पर आघात न हुआ हो, unwounded, unhurt.

অনাহার (अनाहार, anāhār)—*n.* उपवास, फाका, fast, starvation.

অনাহারী (अनाहारी, anāhāri)—*a.* उपवासी, fasting, starving.

অনাহারে (अनाहारे, anāhārē)—*adv.* उपवास में, बिना भोजन, in fasting, without food.

অনাহূত (अनाहूत, anāhūta)—*a.* न बुलाया हुआ, अनिमंत्रित, uninvited, uncalled-for.

অনিচ্ছা (अनिच्छा, anichchhā) —*n.* इच्छाका अभाव, अरुचि, unwillingness, reluctance.

অনিচ্ছুক (अनिच्छुक, anichchhuk)

—*a.* इच्छा न रखनेवाला, अनभिलाषी, निराकांक्षी, unwilling, reluctant, disinclined.

অনিত্য (अनित्य, anitya)—*a.* अस्थायी, क्षणभंगुर, नश्वर, not permanent or eternal, perishable, mortal.

অনিদ্রা (अनिद्रा, anidrā)—*n.* निद्राका अभाव, निद्राहीनता, sleeplessness, insomnia.

অনিবার্য (अनिवार्य, anibārja)—*a.* जिसका निवारण न हो सके, अवश्यंभावी, unpreventable, irresistable, inevitable.

অনিমন্ত্রিত (अनिमंत्रित, animantrita)—*a.* अनाहुत, uninvited, unasked, uncalled.

অনিমিষ, অনিমেষ (अनिमिष, अनिमेष, animish, animēsh)—*a.* स्थिर दृष्टि, अपलक, एकटक, not winking, having a steadfast or motionless look.

অনিয়ন্ত্রিত (अनियंत्रित, aniyantrita)—*a.* प्रतिबंध रहित, विना रोक टोक का, not regulated, uncontrolled, loose.

অনিয়ম (अनियम, aniyam)—*n.* नियमका अभाव, अव्यवस्था, irregularity, want of law or rule, indiscipline.

অনিয়মিত (अनियमित, aniyamita) —*a.* नियमरहित, बेकायदा, अनिश्चित, irregular, unsystematic.

অনির্দিষ্ট (अनिर्दिष्ट, anirdiṣṭa)—*a.* अनिश्चित, अनिर्धारित, not specified, indefinite.

অনির্বচনীয় (अनिर्वचनीय, anirbachaniya)—*a.* जिसका वर्णन न हो सके, वर्णनातीत, अवर्णनीय, indescribable, inexpressible.

অনির্বাণ (अनिर्वाण, anirbān)—*a.* जो बुझाई न जा सके, inextinguishable, blazing (for ever).

অনিল (अनिल, anil)—*n.* वायु, पवन, हवा, air, wind.

অনিশ্চয় (अनिश्चय, anishchaya)—*n.* निश्चय का अभाव, संदेह, uncertainty, doubt. —তা (अनिश्चयता, anishchayatā)—*n.* uncertainty, doubtfulness.

অনিশ্চিত (अनिश्चित, anishchit) —*a.* अनिर्धारित, अनिर्दिष्ट, uncertain, indefinite, doubtful.

অনিষ্ট (अनिष्ट, aniṣṭa)—*a.* हानि, क्षति, अपकार, अहित, harm, mischief, evil.

অনীহা (अनीहा, anihā)—*n.* निस्पृहता, अनुत्साह, apathy.

অনুকম্পা (अनुकंपा, anukampā) —*n.* समवेदना, सहानुभूति, हमदर्दी, compassion, sympathy.

অনুকরণ (अनुकरण, anukaraṇ)—*n.* नकल, देखादेखी कार्य, अनुसरण, imitation, act of copying.

অনুকল্প (अनुकल्प, anukalpa)—*n.*

गौण विधान, गौण या अप्रधान विधि, विकल्प, substitute, secondary injunction, alternative.

অনুকূল (अनुकूल, anukūl)—*a.* पक्ष में रहनेवाला, सहाय, सदय, favourable, friendly, helpful. —তা (अनुकूलता, anukulatā) *n.* अप्रतिकूलता, सहायता, helpfulness, favourableness.

অনুক্ত (अनुक्त, anukta)—*a.* न कहा हुआ, अकथित, ऊह्य, unspoken, untold, unuttered, not expressed, understood.

অনুক্রম (अनुक्रम, anukram)—*n.* क्रम, सिलसिला, तरतीब, systematic succession, a programme, serial order.

অনুক্রমণিকা (अनुक्रमणिका, anukramanikā)—*n.* किताबों की भूमिका या सूचीपत्र, a table of contents, a preface or introduction of a book.

অনুক্ষণ (अनुक्षण, anukkhan)—*n.* सदा, सर्वदा, निरंतर, always, at every moment, continually.

অনুগত (अनुगत, anugata)—*a.* अनुगामी, अनुयायी, भक्त, obedient, following faithfully, devoted.

অনুগমন (अनुगमन, anugaman) —*n.* अनुसरण, पीछे गमन, सहमरण, act of going after, act of following or persuing, act of burning of a woman on her husband's funeral pyre.

অনুগামী (अनुगामी, anugāmī)—*n.* पीछे चलनेवाला, अनुयायी, अनुसरण करनेवाला, follower, attendant, one who follows or obeys, adherent.

অনুগৃহীত (अनुगृहीत, anugrihita) —*a.* जिसपर अनुग्रह किया गया हो, उपकृत, कृतज्ञ, obliged, favoured.

অনুগ্রহ (अनुग्रह, anugraha)—*n.* आनुकूल्य, दया, कृपा, favour, grace, kindness, compassion.

অনুগ্রাহক (अनुग्राहक, anugrāhak) —*a.* अनुग्रह करनेवाला, कृपालु, उपकारी, gracious, kind, favourable. —*n.* पृष्ठपोषक, patron.

অনুচর (अनुचर, anuchar)—*n.* साथ चलनेवाला, सहचारी, सेवक, नौकर, follower, a companion, an attendant, a servant.

অনুচিত (अनुचित, anuchit)—*a.* नामुनासिब, अन्याय, बुरा, improper, wrong, unjust.

অনুচ্চ (अनुच्च, anuchcha)—*a.* अल्प उच्च, थोड़ा ऊँचा, मृदु, not high, low, humble.

অনুচ্চারিত (अनुच्चारित, anuchchārita)—*a.* उच्चारण न किया हुआ, not uttered, not spoken.

অনুচ্ছেদ (अनुच्छेद, anuchchhēd) —*n.* छोटा परिच्छेद, अध्यायका एक अंश, paragraph.

অনুজ (अनुज, anuj)—*n.* छोटा भाई, younger brother.

অনুজ্ঞা (अनुज्ञा, anuggā)—*n.* आज्ञा, आदेश, हुक्म, अनुमति, order, command, permission.

অনুতপ্ত (अनुतप्त, anutapta)—*a.* पछताया हुआ, परितप्त, repentant, penitent, remorseful.

অনুতাপ (अनुताप, anutāp)—*n.* पश्चात्ताप, पछतावा, अफसोस, repentance, remorse, contrition.

অনুদান (अनुदान, anudān)—*n.* सरकार से मिलनेवाली आर्थिक सहायता, आर्थिक सहायता, a (government or official) grant.

অনুদার (अनुदार, anudār)—*a.* संकीर्ण-हृदय, हीनमना, कंजूस, कृपण, not liberal, mean-minded, narrow-minded, niggardly.

অনুদিন (अनुदिन, anudin)—*adv.* प्रतिदिन, नित्यप्रति, रोज-रोज, रोजमर्रा, everyday, day after day.

অনুদ্ঘাটিত (अनुद्घाटित, anudghāṭita)—*a.* अप्रकाशित, बन्द, unrevealed, unopened.

অনুদ্দিষ্ট (अनुद्दिष्ट, anuddisṭa)—*a.* खोज न मिला हुआ, ला पता, गायब, of unknown whereabouts, missing, lost, not aimed at.

অনুদ্ভিন্ন (अनुद्भिन्न, anudbhinna)—*a.* न उगा या खिला हुआ, पूर्णता अप्राप्त, अनुद्गत, not come or grown out of the soil, not bulbed, unprotuberated.

অনুধাবন (अनुधावन, anudhāban)—*n.* मनोनिवेश, गौर, ध्यान, खोज, अनुसरण, act of giving attention to, act of understanding, running after, pursuit.

অনুধ্যান (अनुध्यान, anudhyān)—*n.* सर्वदा चिन्ता या स्मरण, शुभचिन्तन, continuous thinking or recollection, act of wishing well, well-wishing.

অনুধ্যায়ী (अनुध्यायी, anudhyāyī)—*a.* अनुध्यान करनेवाला, thinking or recollecting continuously, well-wishing.

অনুনয় (अनुनय, anunaya)—*n.* विनती, अनुरोध, प्रार्थना, entreaty, request, prayer, solicitation.

অনুনাসিক (अनुनासिक, anunāshik)—*a.* नाकसे उच्चारित होनेवाला, uttered or spoken through the nose, nasal.

অনুন্নত (अनुन्नत, anunnata)—*a.* अनग्रसर, low, undeveloped, backward. —**সম্প্রদায়** (अनुन्नत सम्प्रदाय, anunnata shampradāya)—*n.* दलित वर्ग, हरिजन सम्प्रदाय, the depressed class.

অনুপ, অনুপম (अनुप, अनुपम, anup, anupam)—*a.* उपमा-रहित, बेजोड़, unequal, matchless, without comparison.

অনুপমেয় (अनुपमेय, anupamēya) उपमाके अयोग्य, incomparable.

অনুপযুক্ত (अनुपयुक्त, anupajukta) —*a.* अयोग्य, अक्षम, निकम्मा, unfit, unworthy, improper.

অনুপস্থিত (अनुपस्थित, anupasthit) —*a.* गैरहाजिर, अविद्यमान, not present, absent, inexistent.

অনুপাত (अनुपात, anupāt)—*n.* तुलनात्मक संबंधका आँकड़ा, दो वस्तुओंका पारस्परिक संबंध, ratio, proportion, relation between two quantities.

অনুপান (अनुपान, anupān)—*n.* औषध को अधिक फलप्रद बनाने के लिए उस के साथ खायी जानेवाली वस्तु, anything to be taken with a medicine to make it more effective.

অনুপায় (अनुपाय, anupāya)—*n.*, *a.* निरुपाय, उपायरहित, want of means or resource, helpless.

অনুপ্রবেশ (अनुप्रवेश, anuprabesh) —*n.* चुपकेसे भीतर प्रवेश, act of going into, penetration.

অনুপ্রাণনা (अनुप्राणना, anuprānanā)—*n.* शक्ति संचार, प्रेरणा, invigoration, infusion of life or spirit, an inspiration.

অনুপ্রাণিত (अनुप्राणित, anuprānita)—*a.* उत्साहित, प्राण या जोश डाला हुआ, invigorated, stimulated, inspired, animated.

অনুপ্রাস (अनुप्रास, anuprāsh)—*n.* वह शब्दालंकार जिस में किसी पद में एक ही अक्षर बार बार आता है, वर्णवृत्ति, वर्णमैत्री, the repetition of a similar sound, alliteration.

অনুবন্ধ (अनुबंध, anubandha)—*n.* उपक्रम, बंधन, लगाव, पारंपर्य, commencement, binding, connection, correlation.

অনুবর্তন (अनुवर्तन, anubartan) —*n.* अनुवृत्ति, अनुसरण, अनुगमन, act of following or pursuing, pursuit, subserviency.

অনুবর্তী (अनुवर्ती, anubarti)—*a.* अनुगामी, अनुयायी, आज्ञाकारी, following, attending, subservient, obedient, compliant.

অনুবাদ (अनुवाद, anubād)—*n.* उल्था, तर्जुमा, भाषान्तर, interpretation, translation.

অনুবাদক (अनुवादक, anubādak) —*n.* तर्जुमा करनेवाला, a translator, an interpreter.

অনুবাদিত, অনূদিত (अनुवादित, अनूदित, anubāditā, anūdita) —*a.* translated, interpreted.

অনুভব (अनुभव, anubhab)—*n.* बोध, ज्ञान, अनुभूति, अपलब्धि, अभिज्ञता, perception, knowledge, experience, feeling.

অনুভাব (अनुभाव, anubhāb)—*n.* प्रभाव, महिमा, सुखानुभूति, influ-

ence, dignity, authority, feeling of happiness.

অনুভূত (अनुभूत, anubhūta)—*a.* ज्ञात, उपलब्ध, विदित, परीक्षित, तजरबा किया हुआ, realized, felt, perceived, experienced.

অনুভূতি (अनुभूति, anubhūti)—*n.* अनुभव, परिज्ञान, उपलब्धि, बोध, feeling, experience, intuition, perception, realization.

অনুমতি (अनुमति, anumati)—*n.* सम्मति, आज्ञा, आदेश, permission, censent, order. —পত্র (अनुमतिपत्र, anumatipatra)—*n.* सम्मतिपत्र, a consent letter.

অনুমান (अनुमान, anumān)—*n.* अटकल, अंदाजा, supposition, act of guessing, inference. —হওয়া (अनुमान हओआ)—*v.* मालूम होना, to seem, to appear.

অনুমিত (अनुमित, anumita)—*a.* अनुमान किया हुआ, अंदाजा लगाया हुआ, supposed, guessed, inferred, conjectured.

অনুমিতি (अनुमिति, anumiti)—*n. see* अनुमान।

অনুমৃতা (अनुमृता, anumritā)—*a. f.* सहमृता, embracing voluntary death (on the funeral pyre of one's husband.)

অনুমেয় (अनुमेय, anumēya)—*a.* अनुमानके योग्य, capable of being supposed or guessed or inferred, inferable.

অনুমোদন (अनुमोदन, anumodan) —*n.* सम्मतिदान, समर्थन, consent, approval, sanction. —করা (अनुमोदन करा)—*v.* सम्मति देना, समर्थन करना, to give consent to, to approve.

অনুমোদিত (अनुमोदित, anumodita)—*a.* समर्थित, स्वीकृत, approved, sanctioned, confirmed, permitted, agreed.

অনুযায়ী (अनुयायी, anujāyi)—*a.* & *n.* अनुगामी. अनुचर, सेवक, following, follower. —*adv.* सदृश, according to.

অনুযোগ (अनुयोग, anujog)—*n.* अभियोग, निन्दा, act of blaming, censure, complaint, reproof.

অনুরক্ত (अनुरक्त. anurakta)—*a.* प्रीतियुक्त, अनुरागविशिष्ट, आसक्त, भक्त, devoted to, attached to, fond of, addicted to

অনুরক্তি (अनुरक्ति, anurakti)—*n.* अनुराग, प्रेम, आसक्ति, addiction, devotion, attraction, attachment, love.

অনুরাগ (अनुराग, anurāg)—*n.* प्रेम, प्रीति, आसक्ति, attachment, love, attraction, affection.

অনুরুদ্ধ (अनुरुद्ध, anuruddha)—*a.* अनुरोध किया हुआ, requested.

অনুরূপ (अनुरूप, anurūp)—*a.* सदृश, तुल्य, योग्य, similar, like, resembling, corresponding.

অনুরোধ (अनुरोध, anurodh)—*n.* प्रार्थना, सिफारिश, विनती, request, prayer, solicitation.

অনুলম্ব (अनुलम्ब, anulamba)—*n.* चढ़ाईकी ओर, altitudinal.

অনুলিখন (अनुलिखन, anulikhan) —*n.* अनुलेखन, लेख की ज्यों की त्यों प्रतिलिपि, लिप्यंतर, similar writing, transliteration.

অনুলিপি (अनुलिपि, anulipi)—*n.* see অনুলিখন।

অনুলোম (अनुलोम, anulom)—*n.* निम्नक्रम, उतार, the descending method, the regular or natural way. —বিবাহ (अनुलोम विवाह) *n.* उच्चवर्ण के पुरुष का अपने से किसी नीच वर्ण की स्त्री के साथ विवाह, marriage of a man with a bride of a lower caste.

অনুল্লিখিত (अनुल्लिखित, anullikhita)—*a.* उल्लेख न किया हुआ, not referred to or mentioned, not alluded to.

অনুশাসন (अनुशासन, anuśashan) —*n.* उपदेश, शिक्षा, आदेश, विधान, instruction, teaching, advice, edict, discipline.

অনুশীলন (अनुशीलन, anuśilan)—*n.* पुनः पुनः अभ्यास, चिन्तन, मनन, repeated study or practise or undergo training, exercise.

অনুশীলনী (अनुशीलनी, anuśilani) —*n.* अभ्यासार्थ प्रश्नावली, exercise.

অনুশোচনা (अनुशोचना, anuśochanā)—*n.* अनुताप, पछतावा, खेद, repentance, contrition.

অনুষঙ্গ (अनुषंग, anuṣanga)—*n.* प्रणय, स्नेह, सम्बंध, प्रसंग, आसक्ति, love, kindness, affection, connection, attachment.

অনুষ্ঠান (अनुष्ठान, anuṣṭhān)—*n.* आरंभ, उद्योग, क्रियाकर्म, कर्म-संपादन, beginning, commencement, performance, observance, execution, function

অনুষ্ঠিত (अनुष्ठित, anuṣṭhita)—*a.* आचरित, कृत, संपादित, संपन्न, done, performed, executed, celebrated, observed.

অনুসন্ধান (अनुसंधान, anushandhān)—*n.* अन्वेषण, खोज, ढूँढ़, जाँच, गवेषणा, search, inquiry, investigation, research.

অনুসন্ধিৎসা (अनुसंधित्सा, anushandhitshā)—*n.* अनुसंधान करने की इच्छा, a desire to inquire, inquisitiveness, curiosity.

অনুসন্ধিৎসু (अनुसंधित्सु, anushandhitshu)—*a* अनुसंधान करने के इच्छुक, eager to learn, curious to know, inquisitive.

অনুসরণ (अनुसरण, anusharaṇ)—*n.* अनुगमन, अनुवर्तन, the act of following, pursuit. —করা (अनुसरण करा) *v.* पीछे या साथ चलना, to go or come after, to follow, to pursue.

অনুসারে (अनुसारे, anushārē) *adv.* अनुसार, according to.

অনুসিদ্ধান্ত (अनुसिद्धान्त, anushiddhānta)—*n.* उपपाद्य से सहज ही जिस सिद्धान्त को मिलता है, a corollary.

অনুস্বার (अनुस्वार, anushshār)—*n.* स्वर के पीछे उच्चारित होनेवाली एक अनुनासिक ध्वनि, a nasal sound expressed by ং (*ng*).

অনূঢ় (अनूढ़, anūṛha)—*a.* अविवाहित, क्वारा, unmarried, bachelor. (*f.*—অনূঢ়া, अनूढ़ा)

অনূদিত (अनूदित, anūdita)—*a.* अनुवादित, translated.

অনৃত (अनृत, anrita)—*a.* मिथ्या, झूठा, false, untrue.

অনেক (अनेक, anēk)—*a.* बहुत, अधिक, more than one, many.

অনেকধা (अनेकधा, anēkadhā)—*adv.* अनेक प्रकारसे, तरह तरहसे, in many different ways.

অনেকে (अनेके, anēkē)—*adv.* अनेक मनुष्य, बहुत आदमी, many persons, many a one.

অনৈক্য (अनैक्य, anaikya)—*n.* विरोध, अनमिल, वैर, मतभेद, फूट, disunion, discord, disagreement, dissension.

অনৈসর্গিক (अनैसर्गिक, anaishargik)—*a.* अस्वाभाविक, अप्राकृतिक, unnatural, artificial.

অনৌচিত্য (अनौचित्य, anauchitya)—*n.* अनुपयुक्तता, अकर्तव्यता, unjustness, impropriety.

অন্ত (अंत, anta)—*a.* मृत्यु, नाश, शेष, अवसान, death, destruction. end, break-up.

অন্তঃকরণ (अन्तःकरण, antakkaran)—*n.* हृदय, चित्त, दिल, the internal sense, the heart.

অন্তঃপুর (अन्तःपुर, antappur)—*n.* जनानखाना, भीतरी महल, रनिवास, the female apartments of a dwelling, a harem.

অন্তঃপুরিকা (अन्तःपुरिका, antappurikā)—*n.* जनान खानेमें रहनेवाली स्त्री, a lady living in the inner apartments.

অন্তঃশত্রু (अन्तःशत्रु, antashshatru)—*n.* गृहशत्रु, राज्यके भीतरका दुस्मन, मनके काम क्रोध आदि रिपु, internal foe, a quisling, a traitor in the country, fifth columnist, the passions or sense organs.

অন্তঃসত্ত্বা (अंतःसत्त्वा, antashshattā)—*a.* गर्भवती, having abeing or creature within, pregnant.

অন্তঃসলিল (अंतःसलिल, antashshalil)—*a.* अंदर में पानी के साथ, containing water within.

অন্তঃসার (अंतःसार, antashshār)—*n.* भीतर का सार, तत्त्व, having substance or essence within. —**শূন্য** (अंतःसारशून्य, antashshārshunna) *a.* अंदरमें कोई सारवस्तु न हो, having no substance within.

অন্তঃস্থ (अंतःस्थ, antastha)—*a.* भीतरका, बीचमें स्थित, मध्यवर्ती, lying within or in between.

অন্তক (अंतक, antak —*n.* अंत करनेवाला, नाश करनेवाला, यमराज, मृत्यु, death, an epithet of *yame*, the regent of death.

অন্তকাল (अंतकाल, antakāl)—*n.* अंतिम समय, मरनेका समय, अन्तिम घड़ी, the hour of death, the last moment.

অন্ততঃ (अंततः)—*adv.* अधिक नहीं तो इतना अवश्य, कमसे कम, at least, at the lowest.

অন্তর (अंतर, antar)—*n.* हृदय, मन, व्यवधान, फासला, भेद, दूर, heart, soul, mind, difference, interval, distance.

অন্তরঙ্গ (अंतरंग, antaranga)—*a.* बहिरंगका उलटा, घनिष्ठ, आत्मीय, intimately connected, kindred, friendly, being within. —**তা** (अंतरंगता) *n.* घनिष्ठता, आत्मीयता, close intimacy.

অন্তরস্থ (अंतरस्थ, antarastha)—*a.* भीतरी, बीचका, मनोगत, lying within or in between, lying in the depth of one's heart.

অন্তরা (अंतरा, antarā)—*n.* गीत का मध्यवर्ती चरण, the middle stave of a song.

অন্তরাত্মা (अंतरात्मा, antarātmā) —*n.* अभ्यंतरस्थ आत्मा, the inward spirit or soul

অন্তরায় (अंतराय, antarāya)—*n.* विघ्न, बाधा, अड़चन, obstacle, hindrance, bar, barrier.

অন্তরাল (अंतराल, antarāl)—*n.* ओट, आड़, अदृश्य स्थान, a place screened from the view, a place out of sight, a concealment.

অন্তরিক্ষ, অন্তরীক্ষ (अंतरिक्ष, antarikkha)—*n.* आकाश, the middle region, the sky.

অন্তরীণ (अंतरीण, antarin)—*a.* भीतर किया हुआ, भीतर रक्खा हुआ, compelled to remain within prescribed limits, interned.

অন্তরীপ (अंतरीप, antarip)—*n.* पृथ्वीका वह नुकीला स्थलभाग जो समुद्र के भीतर बहुत दूर तक चला गया हो, रास, cape, a promontory.

অন্তরীয় (अंतरीय, antariya)—*n.* अधोवस्त्र, कमरमें पहनने का वस्त्र,

ধোতী आदि, any garment for the lower part of the body.

অন্তরে (अंतरे, antarē)—*adv.* दिल में, मन में, अंदरमें, at heart, in the mind, within.

অন্তর্গত (अंतर्गत, antargata)—*a.* मध्यवर्ती, बीचका, अभ्यन्तरस्थ, lying or situated within or in between, included in.

অন্তর্জগৎ (अंतर्जगत् , antarjagat) —*n.* मनोजगत् , चिन्ताराज्य, भावलोक, the realm of the mind, the realm of ideas.

অন্তর্জলী (अंतर्जली, antarjali)—*n.* नाभि गगा, पारलौकिक मंगलके लिये मुमुर्षु व्यक्तिका निम्नांग गंगा आदिमें डुबाये रखने की विधि, the Hindu rite of keeping immersed the lower part of the body of a dying person in water.

অন্তর্দাহ (अंतर्दाह, antardāha)—*n.* हृदयका दाह या जलन, मनका घोर कष्ट, extreme mental agony, heart-burning, envy.

অন্তর্দৃষ্টি (अंतर्दृष्टि, antardristi) —*n.* भीतर तक देखने की शक्ति, ज्ञान-चक्षु, intuition, insight.

অন্তর্দেশ (अन्तर्देश, antardesh)—*n.* मध्यवर्ती स्थान, भीतर का अंश, उपत्यका, देशका भीतरी भाग, the inner part or region, the interior, a valley, the inland.

অন্তর্ধান (अन्तर्धान, antardhān) —*n.* अदर्शन, छिपाव, तिरोधान, act of vanishing away, concealment, invisibility.

অন্তর্নিহিত (अन्तर्निहित, antarnihita)—*a.* अंदर छिपा हुआ, भीतरस्थित, अभ्यंतरस्थ, placed or lying within, innate, inherent, latent, dormant.

অন্তর্বর্তী (अन्तर्वर्ती, antarbarti) —*a.* अन्तर्गत, भीतर रहनेवाला, अन्तर्भुक्त, existing within, comprised in, internal.

অন্তর্বাণিজ্য (अन्तर्वाणिज्य, antarbānijya)—*n.* देश के भीतर का व्यापार, inland trade.

অন্তর্বাস (अन्तर्वास, antarbāsh) —*n.* भीतरी पहनावा, inner clothes, under garment.

অন্তর্ভুক্ত, অন্তর্ভূত (अंतर्भुक्त, अंतर्भूत, antarbhukta, antarbhuta) —*a.* भीतर आया हुआ, अंतर्गत, मध्यस्थित, included or comprised (in), lying within.

অন্তর্মুখ अंतर्मुख, antarmukh)—*a.* जिसका मुँह भीतर की ओर हो, आत्म विचारशील, introspective, looking inward, afferent.

অন্তর্যামী (अंतर्यामी, antarjāmi) —*n.* जिसकी गति मनके भीतर तक हो, भीतर रहकर मनकी बात जाननेवाला, मनकी बातका पता रखने वाला, ईश्वर, residing in and knowing the

mind, aware of the internal feelings, God.

অন্তর্হিত (अंतर्हित, antarhita)—*a.* तिरोहित, गायब, गुप्त, अदृश्य, disappeared, vanished.

অন্তস্তল (अंतस्तल, antastal)—*n.* भीतरी भाग, नीचेका स्तर, हृदय, मन की गहराई, the bottom, the interior of anything, the depth of one's heart.

অন্তিম (अंतिम, antim)—*a.* आखिरी, सबसे पीछे का, मृत्यु-समयका, final, last, of the time of death or termination.

অন্তেবাসী (अंतेवासी, antebâshi)—*n.* गुरु के समीप रहनेवाला, शिष्य, चेला, छात्र, ग्रामके बाहर रहनेवाला, चांडाल, अंत्यज, a pupil or student or a disciple who boards at his master's house, a resident student, a low-caste man who lives in the out-skirt of a village, a man who is considered to be untouchable.

অন্ত্য (अंत्य, antya)—*a.* अंतिम, आखिरी, नीच, ultimate, last, base, low, inferior.

অন্ত্যজ (अंत्यज, antyaja)—*n.* नीच जाति, हरिजन, a low-born, low caste, depressed class.

অন্ত্যেষ্টি (अंत्येष्टि, anteṣṭi)—*n.* दाह से सपिंडन तक का कर्म, मृतक-संस्कार, श्राद्धादि क्रिया कर्म, the funeral rites, obsequies.

অন্ত্র (अंत्र, antra)—*n.* आँत, अँतड़ी, the entrails, the bowels, the viscera. —**বৃদ্ধি** (अंत्रवृद्धि) *n.* आँत उतरनेका रोग, hernia, the protrusion of viscera.

অন্দর (अंदर, andar)—*n.* भीतर, अभ्यंतर, अंतःपुर, inside, interior, female quarters, harem. —**মহল** (अंदर महल) *n.* अंतःपुर, the inner apartments.

অন্ধ (अंध, andha)—*a.* अन्धा, नेत्रहीन, blind, sightless. —**কার** (अंधकार) *n.* अँधेरा, तिमिर, darkness, absence of light.

অন্ন (अन्न, anna)—*n* भात, उबाला हुआ चावल, boiled rice. —**কষ্ট** (अन्नकष्ट, annakashṭa) *n.* अन्नाभाव, scarcity of food.

অন্নপ্রাশন (अन्नप्राशन, anna-prâshan)—*n.* चटावन, बच्चोंको पहले पहल अन्न देनेका संस्कार, अन्नारंभ, the ceremony of giving rice to a child for the first time, the 'first rice' ceremony.

অন্নবস্ত্র (अन्नवस्त्र, annabastra)—*n.* खाना और कपड़ा, आजीविका, food and clothing.

অন্নব্যঞ্জন (अन्नव्यंजन, anna-byanjan)—*n.* चावल और सब्जी, rice and curry.

অন্নসংস্থান (अन्नसंस्थान, annasangsthān)—*n.* जीविका का प्रबंध, भोजन की व्यवस्था provision of food, procuring food or earning one's livelihood.

অন্নসত্র (अन्नसत्र, annashatra)—*n.* वह स्थान जहाँ भूखोंको मुफ्त भोजन दिया जाता है, सदावर्त, लंगरखाना, a place where boiled rice is distributed gratis to paupers or famine-stricken people, an almshouse.

অন্নসমস্যা (अन्नसमस्या, annashamashyā)—*n.* खाद्यसमस्या, जीविका की समस्या, food-problem, bread-problem.

অন্নাভাব (अन्नाभाव, annābhāb) —*n.* अन्नका अभाव, गरीबी, the want of food, the scarcity of food, poverty.

অন্য (अन्य, anya)—*a.* गैर, दूसरा, अपर, भिन्न, other, some other.

অন্যত্র (अन्यत्र, anyatra)—*adv.* दूसरे स्थानमें, और जगह, elsewhere, somewhere else.

অন্যথা (अन्यथा, anyathā)—*adv.* नतुवा, नहीं तो, दूसरी अवस्थामें, otherwise, in a different manner, differently.

অন্যভাবে (अन्यभावे, anyabhābē) —*adv.* दूसरे प्रकार से, in a different manner.

অন্যমনস্ক (अन्यमनस्क, anyamanashka)—*a.* अनमना, दूसरी तरफ ध्यान लगा हुआ, उदास, absorbed in other thoughts, absent-minded, inattentive.

অন্যান্য (अन्यान्य, anyānya)—*a.* दूसरे दूसरे, और और, others, different (used with plural nouns).

অন্যায় (अन्याय, anyāya)—*n.* न्याय-विरुद्ध आचरण, अनीति, बेइन्साफ, अंधेर, जुल्म, अत्याचार, injustice, impropriety, an unjust act.

অন্যায্য (अन्याय्य, anyajja)—*a.* अनुचित, अवैध, बुरा, unreasonable, improper, unjust.

অন্যূন (अन्यून, anyūn)—*a.* जो न्यून या कम न हो, कम से कम, अन्ततः, what is not less, not less than, at least.

অন্যোন্য (अन्योन्य, anyonya)—*a.* परस्पर, पारस्परिक, आपसका, mutual, reciprocal, one another, each other.

অন্বয় (अन्वय, annaya)—*n.* परस्पर संबन्ध, मेल, पदोंका परस्पर संबन्ध, पद्यका गद्यके रूपमें विन्यास, वंश-क्रम, sequence, order, syntax, connection of one word with another in a sentence, prose-order, race.

অন্বয়ী (अन्वयी, annayi)—*a.*

अन्वययुक्त, संबन्धयुक्त, related, connected with.

অন্বর্থ (अन्वर्थ, annartha)—*a.* यथार्थ अर्थ, having the right meaning, significant.

অন্বিত (अन्वित, annita)—*a.* युक्त, शामिल, अन्वय किया हुआ, connected with, related to, possessed of, endowed with.

অন্বেষক (अन्वेषक, anneshak)—*a.* खोजनेवाला, तलाश करनेवाला, अनुसन्धानकारी, engaged in search research or investigation.

অন্বেষণ (अन्वेषण, anneshan)—*n.* खोज, तलाश, ढूँढ़, search, research, investigation.

অন্বেষী (अन्वेषी, anneshi)—*n.* *see* অন্বেষক।

অপ্ (अप, ap)—*n.* जल, पानी, water.

অপ (अप, apa)—*pfx.* उल्टा विरुद्ध बुरा हानि आदिसूचक उपसर्ग, a prefix conveying the meaning of away from under below base ugly opposite etc.

অপকর্ম (अपकर्म, apakarma)—*n.* कुकर्म, बुरा काम, a misdeed, a mean and unworthy act.

অপকর্ষ (अपकर्ष, apakarsha)—*n.* अवनति, हीनता, deterioration, degeneration, inferiority.

অপকার (अपकार, apakār)—*n.* हानि, क्षति, नुकसान, harm, injury, disservice; mischief.

অপকারক, অপকারী (अपकारक, अपकारी, apakārak, apakāri) —*a.* हानि करनेवाला, harmful, injurious, mischievous.

অপকীর্তি (अपकीर्ति, apakirti)—*n.* बदनामी, अपयश, अख्याति, ill-fame, disrepute, disgrace.

অপকৃষ্ট (अपकृष्ट, apakrisṭa)—*a.* निकृष्ट, बुरा, नीच, deteriorated, degenerated, inferior, bad.

অপক্ক (अपक्व, apakka)—*a.* न पका हुआ, कच्चा, न सीझा हुआ, unripe, raw, uncooked

অপক্ষপাত (अपक्षपात, apakkhapāt)—*n* निरपेक्षता, बेतरफदारी, पक्षपात-राहित्य, impartiality, neutrality, non-alignment. —পাতী (अपक्षपाती) *a.* निरपेक्ष, बेतरफदार, impartial, unbiased.

অপগত (अपगत, apagata)—*a.* गत, बीता हुआ, रहित, मृत, gone away, departed, removed, dispelled, effaced, dead.

অপঘাত (अपघात, apaghāt)—*n.* दुर्घटनासे मृत्यु, अस्वाभाविक मृत्यु, दुर्घटना, death by accident, unnatural death, accidental injury to one's person.

অপচয় (अपचय, apachaya)—*n.* अपव्यय, क्षय, नाश, हानि, waste,

loss, misuse, squandering away.

অপচার (अपचार, apachār)—*n.* अपथ्य, कुपथ्य भोजन, bad or faulty diet. —*n.* अहिताचार, अनुचित बर्ताव, improper conduct, corruption.

অপচিকীর্ষা (अपचिकीर्षा, apachikirshā)—*n.* अपकार करनेकी इच्छा, अनिष्टकामना, mischievous desire, ill-will, malignity.

অপচিকীর্ষু (अपचिकीर्षु, apachikirshu)—*n.* अपकार करने को इच्छुक, mischievous, malignant

অপটু (अपटु, apaṭu)—*a.* अनिपुण, अनाड़ी, inexpert, unskilled.

অপত্য (अपत्य, apatya)—*n.* सन्तान, औलाद, a child, a son or daughter. —নির্বিশেষে (अपत्यनिर्विशेषे, apatyanirbishēshē) *adv.* अपना सन्तान के साथ भेद न करके, सन्तान की तरह, making no discrimination from one's own children. —স্নেহ (अपत्यस्नेह, apatyasnēha) *n.* सन्तानस्नेह, parental affection.

অপথ (अपथ, apath) *n.* बुरामार्ग, a bad path, a wrong way.

অপথ্য (अपथ्य, apathya) *n.* जो पथ्य न हो, कुपथ्य, bad or faulty or injurious diet.

অপদস্থ (अपदस्थ, apadastha)—*a.* अपमानित, लांछित, पदच्युत, insulted, disgraced, humiliated, out from one's position.

অপদার্থ (अपदार्थ, apadārtha)—*a.* निकम्मा, अयोग्य, worthless, useless, good for nothing.

অপদেবতা (अपदेवता, apadebatā) —*n.* अपकृष्ट देवता, भूत-प्रेत आदि, apparition, evil spirit, ghost.

অপনয়ন (अपनयन, apanayan)—*n.* अपसारण, अपनोदन, हटाव, removal, elimination, deletion.

অপনোদন (अपनोदन, apanōdan) —*n.* *see* अपनयन ।

অপপ্রয়োগ (अपप्रयोग, apaprayōg)—*n.* दुरुपयोग, अशुद्ध या अन्याय प्रयोग, misapplication.

অপবর্গ (अपवर्ग, apabarga)—*n.* मोक्ष, मुक्ति, निर्वाण, salvation.

অপবাদ (अपवाद, apabād)—*n.* निन्दा, बदनामी, इलजाम, ill-repute, bad name, defamation. —*n.* व्यतिक्रम, exception.

অপবিত্র (अपवित्र, apabitra)—*a.* अशुद्ध, मलिन, गन्दा, unholy, impure, unclean, unhallowed.

অপবিত্রতা (अपवित्रता, apabitratā) —*n.* अशुद्धता, मलिनता, गन्दगी, unholiness, impurity.

অপব্যবহার (अपव्यवहार, apabyabahār)—*n.* दुरुपयोग, misuse abuse, misbehaviour.

অপব্যয় (अपव्यय, apabyaya)—*n.* बुरे कामोंमें खर्च, वृथाव्यय, wrongful or imprudent spending, extravagance, wastage.

অপভ্রংশ (अपभ्रंश, apabhrangsha) —*n.* मूल शब्दका विकृत या अशुद्ध रूप, अपभाषा, corrupted or incorrect form of a word.

অপমান (अपमान, apamān)—*n.* अनादर, बेइज्जती, insult, dishonour, disgrace, contempt.

অপমানিত (अपमानित, apamānita) —*a.* निंदित, अनादृत, बेइज्जत, insulted, disgraced, slighted.

অপমৃত্যু (अपमृत्यु, apamrityu)—*n.* अपघात मृत्यु, अस्वाभाविक मृत्यु, a sudden or accidental death, an unnatural death.

অপযশ (अपयश, apajash)—*n.* अख्याति, अकीर्ति, बदनामी, कलंक, ill-repute, infamy, bad name.

অপয়া (अपया, apayā)—*a.* अशुभ, अभागा, बदनसीब, of evil omen, inauspicious, unlucky.

অপর (अपर, apar)—*a.* दूसरा, गैर, अन्य, विपरीत, other, opposite.

অপরাজিত (अपराजित, aparājita) —*a.* जो पराजित न हो, unconquered. (*f.*—অপরাজিতা।)

অপরাজিতা (अपराजिता, aparājitā) —*n.* विष्णुक्रांता लता, कौआठोठी, इस लताका नीला-सफेद फूल, दुर्गादेवी, the name of a creeper with pretty blue-white flowers, an epithet of Durga.

অপরাজেয় (अपराजेय, aparājeya) —*a.* अजेय, जिसे कोई जीत न सके, unconquerable, invincible.

অপরাধ (अपराध, aparādh)—*n.* दोष, कसूर, जुर्म, त्रुटि, offence, sin, guilt, fault, crime.

অপরাধী (अपराधी, aparādhi) —*a.* दोषी, पापी, मुलजिम, जुर्मवार, one who commits a fault, sinful, guilty, criminal.

অপরাপর (अपरापर, aparāpar) —*a.* दूसरे दूसरे, अन्यान्य, दूसरे सब, others, all other.

অপরার্ধ (अपरार्ध, aparārdha)—*n.* दूसरा आधा, the other half.

অপরাহ্ণ (अपराह्ण, aparānha)—*n.* दोपहर के बादका काल, तीसरा पहर, the afternoon.

অপরিগ্রহ (अपरिग्रह aparigraha) —*n.* दानका अग्रहण, आवश्यक से अधिक वस्तुका त्याग, असंग्रह, non-acceptance of charity, giving away of superfluous things (wealth), non-possession.

অপরিচিত (अपरिचित, aparichita) —*n.* अनजान, अज्ञात, unknown unacquainted, strange.

অপরিচ্ছন্ন (अपरिच्छन्न, aparichchhanna)—*a.* मैला, मलिन,

गन्दा, unclean, impure, dirty. —তা (अपरिच्छन्नता)—*n.* मैलापन, मलिनता, गन्दगी, dirtiness, uncleanliness, impurity.

অপরিণত (अपरिणत, aparinata) —*a.* जो परिणत न हो, अपूर्ण, कच्चा, immature, raw.

অপরিণীত (अपरिणीत, aparinita) —*a.* अविवाहित क्वारा, unmarried, unwedded.

অপরিতৃপ্ত (अपरितृप्त, aparitripta) —*a.* जो परितृप्त न हो, not satiated, not gratified.

অপরিত্যাজ্য (अपरित्याज्य, aparityājya)—*a.* जो परित्यागके अयोग्य, अपरिहार्य, not to be abandoned, not to be given up.

অপরিপক্ক (अपरिपक्व, aparipakka)—*a.* कच्चा, अनाड़ी, अनिपुण, अनभिज्ञ, unripened, immature, unskilled, inexperienced.

অপরিপাক (अपरिपाक, aparipāk) —*n.* बदहजमी, अजीर्ण, inability to disgest, indigestion.

অপরিপূর্ণ (अपरिपूर्ण, aparipurna) —*a.* जो परिपूर्ण न हो, not thoroughly filled or fulfilled.

অপরিবর্তনীয় (अपरिवर्तणीय, aparibartaniya)—*a.* परिवर्तनके अयोग्य, unchangeable.

অপরিবর্তিত (अपरिवर्तित, aparibartita)—*a.* जो परिवर्तित न हो, अविकृत, ज्यों का त्यों, unchanged, unaltered.

অপরিমিত (अपरिमित, aparimita) —*a.* जो परिमित न हो, असीम, बेहद, unlimited, immeasurable.

অপরিশুদ্ধ (अपरिशुद्ध, apari śuddha)—*a.* जो परिशुद्ध न हो, impure, unclean, unholy.

অপরিশোধনীয় (अपरिशोधनीय, aparishodhaniya)—*a.* जो परिशोधके अयोग्य, न लौटाने योग्य, unrepayable, unrequitable.

অপরিষ্কার (अपरिष्कार, aparishkār) —*a.* मलिन, गन्दा, अपवित्र, unclean, untidy, impure. —*n.* गन्दगी, अपवित्रता, uncleanliness, untidiness, impurity.

অপরিসর (अपरिसर, aparishar)—*a.* कम चौड़ा, सँकड़ा, not wide, narrow, not spacious.

অপরিসীম (अपरिसीम, aparishim) —*a.* सीमाहीन, असीम, बेहद, limitless, boundless, endless.

অপরিস্ফুট (अपरिस्फुट, aparishfuṭa) —*a.* अस्पष्ट, अनखिला, indistinct, not fully perceptible.

অপরিহার্য (अपरिहार्य, aparihārja) अत्याज्य, न छोड़ने योग्य, अति आवश्यक, unavoidable, indispensable, inevitable.

অপাক (अपाक, apāk)—*a.* अजीर्ण, बदहजमी, indigestion.

অপাংক্তেয় (अपांक्तेय, apāngkteya) —*a.* पंक्ति भोजन के अयोग्य, जाति-बाहर, debarred from dining together with the members of one's own caste-people, socially out casted.

অপাঙ্গ (अपांग, apānga)—*n.* आँख का कोना, कटाक्ष, the outer corner of the eye, squint. —দৃষ্টি (अपांगदृष्टि, apāngadrishti)—*n.* कटाक्षपात, तिरछी नजर, a glance from the outer corner of the eye, a side-glance.

অপাচ্য (अपाच्य, apāchya)—*a.* न पचने योग्य, indigestible.

অপাঠ্য (अपाठ्य, apāṭhya)—*a.* पढ़ने के अयोग्य, अश्लील, not readable, illegible, obscene.

অপাত্র (अपात्र, apātra)—*n.* अयोग्य पात्र, कुपात्र, undeserving man, unworthy person, a man unfit for matrimonial alliance.

অপাদান (अपादान, apādān)—*n.* हटाना, अलगाव, अपादान कारक (व्याकरणमें), that from which anything is taken away, the ablative case (in grammar).

অপান (अपान, apān)—*n.* अधोवायु, वह वायु जो गुदासे निकले, मलद्वार, the intestinal wind, the wind which passes through the anus, the anus.

অপার (अपार, apār)—*a.* जिसका पार न हो, विशाल, असीम, बेहद, shoreless, boundless, endless.

অপারক (अपारक, apārak)—*a.* असमर्थ, unable, incapable.

অপার্থিব (अपार्थिव, apārthiba)—*a.* जो पार्थिव न हो, अलौकिक, unearthly, supernatural.

অপিচ (अपिच, apicha)—*ind.* अधिकन्तु, और भी, सिवाय, and also, moreover, besides, too.

অপিতু (अपितु, apitu)—*ind.* किन्तु, परन्तु, दूसरी ओर, यद्यपि, but, but yet, on the contrary.

অপুত্রক (अपुत्रक, aputrak)—*a.* पुत्रहीन, बे-औलाद, without a son, sonless, childless.

অপুষ্ট (अपुष्ट, apushṭa)—*a.* अपूर्ण, कच्चा, दुबला-पतला, not well-developed, ill-nourished.

অপূর্ণ (अपूर्ण, apūrna)—*a.* अधूरा, असमाप्त, अतृप्त, not full, incomplete, imperfect, unfulfilled.

অপূর্ব (अपूर्व, apūrba)—*a.* अभिनव, अनोखा, अद्भुत, विचित्र, उत्तम, unprecedented, rare, remarkable, strange, excellent.

অপেক্ষা (अपेक्षा, apekkhā)—*n.* प्रत्याशा, प्रतीक्षा, विलम्ब, तुलना, expectation, waiting for,

delay, comparison. —*adv.* तुलना में, in comparison with.

অপেয় (अपेय, apēya)—*a.* पीनेके अयोग्य, undrinkable.

অপোগণ্ড (अपोगंड, apoganḍa)—*n.* शिशु, नाबालिग, अपरिणत बुद्धि और शरीरवाला, infant, minor, immature in body and mind.

অপৌরুষ (अपौरुष, apaurush) —*n.* पुरुष के अयोग्य आचरण, साहस का अभाव, unmanliness, cowardice, ingloriousness.

অপৌরুষেয় (अपौरुषेय, apauru-sheya)—*a.* not produced by a person, superhuman.

অপ্রকট (अप्रकट, aprakaṭ)—*a.* अप्रकाशित, अव्यक्त, गुप्त, unrevealed, not evident, unapparent.

অপ্রকাশ (अप्रकाश, aprakāsh) —*n.* छिपाव, गुप्तता, obscurity, concealment. —*a.* अप्रकाशित, गुप्त, छिपा हुआ, not manifest, obscure. concealed.

অপ্রতিভ (अप्रतिभ, aprativa)—*a.* लज्जित, घबड़ाया हुआ, embarrassed, out of countenance.

অপ্রতুল (अप्रतुल, apratul)—*n.* अभाव, कमी, want, insufficiency.

অপ্রত্যক্ষ (अप्रत्यक्ष, apratyakkha) —*a.* परोक्ष, आँखोंसे ओझल, इन्द्रिय के अगोचर, अदृश्य, not perceptible by sense-organs, imperceptible, invisible.

অপ্রত্যাশিত (अप्रत्याशित, apra-tyāshita)—*a.* न चाहा हुआ, अचानक होनेवाला, unexpected, not anticipated, sudden.

অপ্রধান (अप्रधान, apradhān) —*a.* गौण, जो मुख्य या प्रधान न हो, not principal, subordinate, secondary, inferior.

অপ্রমত্ত (अप्रमत्त, apramatta)—*a.* सचेत, जो प्रमत्त न हो, शान्त, सावधान, careful, not intemperate, attentive, watchful.

অপ্রমাণ (अप्रमाण, apramān)—*n.* प्रमाणका अभाव, मिथ्याप्रमाण, absence of proof, disproof,

অপ্রমাদ (अप्रमाद, apramād)—*n.* भ्रमका अभाव, अभ्रान्ति, सचेतपन, सावधानी, unerringness, sobriety, watchfulness.

অপ্রয়োজনীয় (अप्रयोजनीय, aprayojaniya)—*a.* अनावश्यक, तुच्छ, useless, superfluous.

অপ্রশস্ত (अप्रशस्त, aprashasta) —*a.* संकीर्ण, सँकरा, कम चौड़ा, अशुभ, निकृष्ट, निन्दित, not broad or wide, not spacious, narrow, unfavourable, inferior, unsuitable, disreputable.

অপ্রসন্ন (अप्रसन्न, aprashanna)—*a.* असन्तुष्ट, नाराज, नाखुश, dis-

pleased, dissatisfied, unfavourable, gloomy.

অপ্রসিদ্ধ (अप्रसिद्ध, aprashiddha) —*a.* जो प्रसिद्ध न हो, अख्यात, অপ্রচলিত, छिपा हुआ, not celebrated, obscure, unknown.

অপ্রসিদ্ধি (अप्रसिद्धि, aprashiddhi) —*n.* अयश, अख्याति, lack of fame or reputation, absence of currency.

অপ্রস্তুত (अप्रस्तुत, aprastut)—*a.* जो प्रस्तुत न हो, अप्रतिभ, हक्का बक्का, unprepared, unready, confounded, out of countenance.

অপ্রাকৃত (अप्राकृत, aprākrita) —*a.* अस्वाभाविक, अलौकिक, unnatural, super natural.

অপ্রাপ্ত (अप्राप्त, aprāpta)—*a.* न पाया हुआ, न पहुँचा हुआ, one who has not obtained received or attained. —বয়স্ক (अप्राप्तवयस्क) *a.* नाबालिग, नाबालक, under age, minor. —যৌবন (अप्राप्तयौवन) *a.* यौवन तक न पहुँचा हुआ, तरुण, one who has not yet attained youth.

অপ্রাপ্য (अप्राप्य, aprāpya)—*a.* पानेके अयोग्य, unavailable, unacquirable, unattainable.

অপ্রাসঙ্গিক (अप्रासंगिक, aprāshangik)—*a.* प्रसंग के विरुद्ध, असम्बद्ध, irrelevant, not pertinent.

অপ্রিয় (अप्रिय, apriya)—*a.* अरुचिकर, अप्रीतिकर, unpleasant, disagreeable.

অপ্রীতি (अप्रीति, apriti)—*n.* मनमुटाव, अनबन, असन्तोष, वैर, dislike, aversion, unfriendliness, enmity.

অপ্সরা (अप्सरा, apsarā)—*n.* परी, स्वर्ग की नर्तकी, fairy, siren, the celestial damsel, nymph.

অফুরন্ত (अफुरन्त, afuranta)—*a.* समाप्त न होनेवाला, असीम, अनन्त, unending, inexhaustible.

অবধ্য (अवध्य, abadhya)—*a.* बध या हत्याके अयोग्य, not to be killed, not deserving death.

অবনিবনা (अवनिवना, abanibanā) —*n.* मनमुटाव, अनमेल, पटरीका न बैठना, disagreement, difference of opinion, bad terms.

অবলা (अबला, abalā)—*n.* स्त्री, औरत, a woman. —*a.* बलहीना, not strong, a weak woman.

নাক (नाक, nāk)—*n.* नाक, नासिका, नासा, the nose. —কাটা (नाक काटा, nāk kāṭā)—*a.* नकटा, बेहया, nose clipt, shameless. —খত (नाक खत, nāk khat)—*n.* जमीन में नाक रगड़ना, to rub one's nose on the ground (as punishment). —ছাবি (नाक छाबि, nākchhābi)—*n.* नकफूल, a nose-pin. —ঝাড়া (नाक झाड़ा, nākjhāṛā)—*v.* छिनकना, to blow one's nose. —ডাকা (नाक डाका, nāk ḍākā)—*v.* खर्राटे भरना, to snore —সিঁটকানো (नाक सिँटकानो, nāk shiñṭkāno) —*v.* नाक सिकोड़ना, to sneer.

নাকচ (नाकच, nākach)—*a.* रद्द, रहित, cancelled, rejected.

নাকানি-চোবানি (नाकानि-चोवानि, nākāni-chobāni)—*n.* जल में डूबने से नाक और मुख में जल का प्रवेश, (व्यंग में) नेस्तनाबूद, continuous ducking in water as made by a drowning person ; (fig) utterly embarrassed.

নাকারা (नाकारा, nākārā)—*n.* नगाड़ा, डंका, a kind of a small kettle-drum or war-trumpet.

নাকাল (नाकाल, nākāl)—*a.* नेस्तनाबूद, embarrassed, harassed.

নাকি (नाकि, nāki)—*ind.* नहीं क्या ? expressing : question, doubt, supposition.

নাকি, নাকী (नाकी, nāki)—*a.* नाक से उत्पन्न, uttered through the nose, nasal.

নাগ (नाग, nāg)—*n.* साँप, सर्प, the snake, the serpent.

নাগর (नागर, nāgar)—*a.* नगरसम्बंधी, नागरिक, a citizen. —*n.* छैला, प्रेमी, a gallant, a philanderer, a paramour. —দোলা

(नागरदोला, nāgardolā)—*n.* घूमनेवाला झूला या हिंडोला, a swing, a merry-go-round revolving from above downwards.

নাগরা (नागरा, nāgrā)—*n.* एक देशी जूता, a kind of Indian shoe.

নাগরালি (नागरालि, nāgarāli)—*n.* रसियापन, लंपटता, gallantry, philandering, lewdness.

নাগরি (नागरि, nāgri)—*n.* मिट्टी का घड़ा, an earthen pitcher (usu. to hold molasses).

নাগরী (नागरी, nāgari)—*n.* नागरी लिपि, the Devanagari script.

নাগাড় (नागाड़, nāgāṛ)—*a.* लगातार, continuous, ceaseless.

নাগাত, নাগাদ (नागात, नागाद, nāgāt, nāgād)—*adv.* तक, करीब, upto, until, about.

নাগাল (नागाल, nāgāl)—*n* पहुँच, पकड़, reach, catch, access.

নাচ (नाच, nāch)—*n.* नाच, नृत्य, a dance, dancing, capering.

নাচা (नाचा, nāchā)—*v.* नाचना, to dance, to caper.

নাচার (नाचार, nāchār)—*a.* लाचार, निरुपाय, helpless, resourceless,

নাছোড় (नाछोड़, nāchhoṛ)—*a.* न छोड़नेवाला, पिछलगा, holding tenaciously, refusing to give up. —বান্দা (नाछोड़बांदा, nāchhoṛbāndā)—*a.*, *n*, फटकारने या दुतकारने पर भी जो पीछा नहीं छोड़ता, जिद्दी, an unyielding or pertinacious person.

নাজিম (नाजिम, nājim)—*n.* शासक, a governor (Mus).

নাজির (नाजिर, nājir)—*n.* अदालत का एक उच्च (प्रधान) कर्मचारी, a head clerk of a law-court.

নাজেহাল (नाजेहाल, nājehāl)—*a.* नेस्तनाबूद, नाकोंदम, embarrassed, harassed severely.

নাট (नाट, nāṭ)—*n.* नृत्य, अभिनय, dance, drama, acting. —মন্দির (नाटमंदिर, nāṭmandir)—*n.* मंदिर के सामनेवाला स्थायी मंडप (जहाँ नृत्य-गीत पाठ आदि होते हैं) a hall in front of a temple for devotional dancing and musical performances.

নাটক (नाटक, nāṭak)—*n.* दृश्य काव्य, a drama, a play.

নাটকীয় (नाटकीय, nāṭakiya)—*a.* नाटक-संबन्धी, बनावटी हावभावयुक्त, dramatic, theatrical.

নাটাই (नाटाइ, nāṭāi)—*n.* परेता, चरखी, reel, spool, bobbin.

নাটিকা (नाटिका, nāṭikā)—*n.* एक प्रकार का संक्षिप्त नाटक, a playlet, a short drama.

নাটুকে (नाटुके, nāṭukē)—*a.*

নাটকীয়, dramatic, theatrical.

নাট্য (नाट्य, nāṭya)—*n.* नटों का काम, नृत्य-गीत-वाद्य, अभिनय, the science and art of dancing singing and music, a drama, a play. —কার (नाट्यकार, nāṭyakār)—*n.* नाटक करनेवाला या लिखनेवाला, a playwright, a dramatist, a dramaturge. —শালা (नाट्यशाला, nāṭyashālā) —*n.* नाट्यगृह, नाट्यमंदिर, a music-hall, a ball-room, a theatre, an operahouse.

নাড়া (नाड़ा, nāṛā)—*v.* हिलाना, घोंटना, to move, to shake, to stir. —চাড়া (नाड़ाचाड़ा, nāṛachāṛā)—*n.* हिलावट, स्थान बदलना, handling or displacing or shifting. —নাড়ি (नाड़ानाड़ि, nāṛānāṛi)—*n.* बार बार स्थान बदलना, act of displacing or shifting repeatedly.

নাড়ান (नाडानो, nāṛāno)—*v.* हिलाना, स्थान बदलना, to move, to stir, to wave, to remove.

নাড়ী, নাড়ি (नाड़ी, नाड़ि, nāṛi)—*n.* नाड़ी, नाड़ी का स्पन्दन, an artery or vein, the pulse. —নক্ষত্র (नाड़ीनक्षत्र, nāṛinakkhatra)—*n.* जन्म का समय और नक्षत्र, पूरा विवरण, the asterism or planet of one's nativity, the details or secrets of one's life. —ভুঁড়ি (नाड़ीभुँड़ि, nāṛibhuñṛi)—*n.* अत्रं, आँतें, intestines, entrails.

নাড়ু, লাড়ু (नाड़ु, लाड़, nāṛu, lāṛu)—*n.* लड्डु, a sort of sweet-balls.

নাত-জামাই (नात जामाइ, nāt-jāmāi)—*n.* पोती या नातिन का पति, the husband of a grand-daughter. —নাতবউ (नातबउ, nātbau)—*n.* नाती या पोते की पत्नी, wife of one's grand-son.

নাতি (नाति, nāti)—*n.* पोता, नाती, a grandson. নাতিনী, নাতনী (नातिनी, नातनी, nātini, nātni)—*n.* नातिन, a grand-daughter. নাতিপুতি (नातिपुति, nātiputi)—*n.* नाती-नातिन पोता पोती, sons and grandsons, children and grand children.

নাতি (नाति, nāti)—*adv.* न अति, ज्यादा नहीं, अनधिक, not much, not too much, moderately.

নাথ (नाथ, nāth)—*n.* प्रभु, पति, master, lord, protector. —বতী (नाथवती, nāthbati)—*n.* सौभाग्यवती, सधवा, one whose husband (or master) is alive.

নাদ (नाद, nād)—*n.* शब्द, ध्वनि, गर्जना, sound, noise, roar.

নাদ, লাদ (नाद, लाद, nād, lād)

—*n.* लीद, excrements, droppings dung.

নাদি, লাদি (नादि, लादि, nādi, lādi)—*n.* छोटे पशुओं की लीद, a pellet of dung (specially of a small creature as rat).

নাদা (नादा, nādā)—*n.* मटका, a large earthen vat. —পেটা (नादा पेटा, nādāpēṭā)—*a.* तोंद-वाला, pot-bellied.

নাদিত (नादित, nādita)—*a.* शब्दित, ध्वनियुक्त, sounded, resounded.

নাদুস-নুদুস (नादुस नुदुस, nādush-nudush)—*a.* स्थूल और कोमल, मोटा ताजा, roly-poly, plump, podgy, corpulent.

নানা (नाना, nānā)—*a.* विभिन्न, अनेक. different, manifold, various. —*n.* नाना, मातामह, mother's father, maternal grand father (*f*,—नानी) ।

নানান্ (नानान्, nānān)—*a.* विभिन्न, विविध, many and diverse.

নান্দী (नान्दी, nāndi)—*n.* नाटक आदि के आरंभ में मंगलाचरण, an invocation at the opening of a drama. —মুখ (नान्दीमुख, nāndimukh)—*n.* विवाह आदि संस्कार के पहले पितरों का श्राद्ध, an obsequial rite performed at the start of a marriage etc.

নাপছন্দ (नापछन्द, nāpachhanda) —*a.* नापसंद, अपसंद, not chosen, not approved, rejected.

নাপিত (नापित, nāpit)—*n.* नाई, नाऊ, हज्जाम, a barbar.

নাফা (नाफा, nāfā)—*n.* नफा, लाभ, profit, gain.

নাবা (नाबा, nābā)—*v.* उतरना, नामा, to descend, to get down.

নাবান (नाबानो, nābāno)—*v.* उतरवाना, उतारना, to cause to get down, to bring down.

নাবালক (नाबालक, nābālak)—*a.* नाबालिग, अल्पवयस्क, under age, inexperienced, raw, a minor.

নাভি (नाभि, nābhi)—*n.* नाभि, चक्रमध्य, the naval, the centre of a circle.

নাম (नाम, nām)—*n.* नाम, यश, a name, an appellation. —করা (नामकरा, nāmkarā)—*a.* नामजद, नामजादा, प्रसिद्ध, famous. —ধাম (नामधाम, nāmdhām) —*n.* नाम और पता, name and address.

নামক, নামে (नामक, नामे, nāmak, nāmē)—*a.* नाम से, by name, named called, des'gnated.

নামঞ্জুর (नामंजुर, nāmanjur)—*a.* नामंजूर, not sanctioned or allowed, rejected.

নামতা (नामता, nāmtā)—*n.*

পহাড়া, the multiplication table.

নামা (नामा, nāmā)—*v.* उतरना, घटना, नीच या हीन होना, to get down, to descend, to decrease, to deprave, to fall.

নামাজ, নমাজ (नामाज, नमाज, nāmāj, namāj)—*n.* मुसलमान पद्धति की प्रार्थना, the Muslim system of prayer.

নামান (नामानो, nāmāno)—*v.* उतरवाना, उतारना, to cause to get down, to bring down.

নামাবলী (नामावली, nāmābali) —नामों की तालिका, देवता के नाम की छापवाली चादर, a list of names, nomenclature, a piece of scarf printed with the names of deities.

নামী (नामी, nāmi)—नामवर, प्रसिद्ध, reputed, famous.

নায়ক (नायक, nāyak)—*n.* अगुआ, नेता, a leader, a guide, a chief, a hero (in drama).

নায়েব (नायेब, nāyeb)—*n.* नायब, जमींदारका गुमाश्ता या तहसीलदार, a chief rent collector of a land lord.

নারকীয় (नारकीय, nārakiya) —*a.* नरक सम्बंधी, नरक के उपयुक्त, worthy only of hell, infernal, hellish, diabolical.

নারঙ্গি (नारंगि, nārangi)—*n.* संतरा, नारंगी, an orange.

নারাজ (नाराज, nārāj)—*a.* असम्मत, असंतुष्ट, disagreeing, displeased

নারিকেল, নারকেল (नारिकेल, नारकेल, nārikēl, nārkēl)—*n.* नारियल, the coconut.

নারী (नारी, nāri)—*n.* नारी, स्त्री, a woman, womankind. —ত্ব (नारीत्व, nāritta)—*n.* नारीपन. womanhood, famininity.

নাল (नाल, nāl)—*n.* नल, लता का डंठल, नाल, लार, थूक, a tube, a vein, a stalk, a horse-shoe, saliva, slaver.

নালা (नाला, nālā)—*n.* नाला, जल प्रणाली, a drain, a canal, an-outlet, wayside gutter.

নালায়েক (नालायेक, nālāyēk)—*a.* नालायक, अयोग्य, unfit, incompetent, incapable.

নালিতা, নালতে (नालिता, नालते, nālitā, nāltē)—*n.* पटुए की पत्ती, edible leaves of jute-plant.

নালিশ (नालिश, nālish)—*n.* नालिश, अभियोग, फरियाद, a complaint, a law-suit, an appeal or prayer for redress.

নালী (नाली, nāli)—*n.* जल बहने का पतला मार्ग, नाड़ी, नालीघाव,

a narrow water course, a vein, a sinus, fissure.

নাবিক (नाविक, nābik)—*n.* मल्लाह, केवट, a boatman, a sailor.

নাবী (नावी, nābi)—*a.* विलंबित, late in growing of (agricultural product), late.

নাশ (नाश, nāsh)—*a.* नाश, ध्वंस, बरबादी, destruction, extinction, ruin. —করা (नाशकरा, nāsh karā)—*v.* ध्वंस करना, बरबाद करना, to destroy, to spoil, to ruin. —ক (नाशक, nāshak) —*a.* नाश करनेवाला, ध्वंस करनेवाला, destructive, destroying, killing. —ন (नाशन, nāshan) —*n.* वध, हत्या, act of destroying or killing.

নাশপাতি (नाशपाति, nāshpāti) —*n.* नाशपाती, the pear.

নাশা (नाशा, nāshā)—*v.* नाश करना, to destroy ; used as a suffix as কর্মনাশা means নাশক।

নাসা (नासा, nāshā)—*n.* नाक, the nose. —রন্ধ্র (नासारंध्र, nāshārandhra)—*n.* नाक के अंदर का वायुपथ, the nostril.

নাসিকা (नासिका, nāshikā)—*n.* नाक, the nose.

নাস্তা (नास्ता, nāstā)—*n.* नाश्ता, जलपान, a light repast taken in the morning, breakfast.

নাস্তানাবুদ (नास्तानाबुद, nāstānābud)—*a.* नेस्तनाबूद, harassed in the extreme.

নাস্তি (नास्ति, nāsti)—*v.* नहीं है, is not, are not. —*n.* सत्ताहीनता, non-existence.

নাস্তিক (नास्तिक, nāstik)—*a.* ईश्वर या परलोक आदि को न माननेवाला, नास्तिक, disbelieving in the existense of God or the other (next) world, infidel, atheist. —তা (नास्तिकता, nāstikatā)—*n.* नास्तिक होने का भाव, infidelity, atheism.

নাহক (नाहक़, nāhak)—*adv.* वृथा, व्यर्थ, बेफायदा, for nothing, uselessly, unjustly.

নাহি (नाहि, nāhi)—*v.* नहीं है (अभाव वाचक शब्द), is not, are not. —*adv.* न, नहीं, no, not.

নি (नि, ni)—*ind.* নাই क्रिया का भूतकालिक अभाव वाचक शब्द, नहीं हुआ है, a particle and prefix denoting negation.

নিংড়ান (निंगड़ानो, ningṛāno)—*v.* निचोड़ना, to squeeze out or wring out.

নিঃ (निः, nih)—*pfx.* अभाव निश्चय अधिकता आदि सूचक उपसर्ग, a prefix denoting : want, ab-

sence, certainty. overmuchness etc. —ক্ষত্রিয় (निःक्षत्रिय, nikkhatriya)—*a.* क्षत्रियशून्य, devoid of Kshatriyas. —শঙ্ক (निःशंक, nishshanka)—*a.* निडर, fearless, undaunted. —শব্দ (निःशब्द, nishshabda)—*a.* शब्द रहित, soundless, noiseless, quiet. —শেষ (निःशेष, nishshesh)—*a.* जिसका शेष बचा नहीं है, समूचा, leaving no remainder, entire. —শ্বাস (निःश्शास, nishshāsh)—*n.* सांस, दम, exhalation, breath, sigh. —সন্তান (निःसन्तान, nishshantān)—*a* संतान हीन, लावल्द, childless. —সন্দেহ (निःसन्देह, nishshandēha) ·सन्देह रहित, free from doubt. —সম্পর্ক (निःसम्पर्क nishshamparka)—*a.* संपर्क रहित, unrelated, detached, —সম্বল (निःसम्बल, nishshambal)—*a.* रुपया पैसा रहित. खाली-हाथ, resourceless. —সরণ (निःसरण, nishsharan)—*n.* निर्गमन, निकलना, act of going or coming out, ejection. —সহায় (निःसहाय, nishshahāya)—*a.* सहायहीन, सहायक-रहित, helpless. —স্ব (निःस्व, nishsha)—*a.* संबलहीन, दरिद्र, indigent, utterly poor.

নিকট (निकट, nikaṭ)—*a.* समीप, पास, near, close by. —বর্তী (निकटवर्ती, nikaṭbarti)—*a.* निकट में स्थित, near by, neighbouring.

নিকটে (निकटे, nikaṭē)—*adv.* पास में, near by, neighbouring.

নিকর (निकर, nikar)—*n.* समूह, a multitude, a collection.

নিকষ (निकष, nikash)—*n.* कसौटी, the touchstone, the whetstone.

নিকা (निका, nikā)—*n.* निकाह, मुसलमानों का विधवा विवाह, remarriage of a divorced woman (among Muslims).

নিকান (निकानो, nikāno)—*v.* लीपना, पोतना, to smear or plaster with a solution of earth and cow dung. —*a.* लीपा पोता हुआ, smeared.

নিকাশ, নিকাস (निकास, nikāsh) —*n.* निकास, act of letting out, drainage. নিকেশ (निकेश, nikēsh)—*n.* नाश, समाप्ति, to destroy, to put an end to.

নিকেত, নিকেতন (निकेत, निकेतन, niket, nikētan)—*n.* घर, मकान, आलय, an abode, a home, a dwelling house.

নিক্তি (निक्ति, nikti)—*n.* छोटी तराजू (जिसमें सोना चाँदी आदि तौला जाता है), a balance for minute weighing.

নিক্কণ (निक्कण, nikkan)—*n.* झंकार, ध्वनि, sweet jingle.

নিক্ষিপ্ত (निक्षिप्त, nikkhipta)—*n.* फेंका हुआ, thrown away.

নিক্ষেপ (निक्षेप, nikkhēp) – फेंकने का भाव, act of throwing.

নিখরচা (निखरचा, nikharchā)—*a.* बिना-खर्च, free of cost.

নিখিল (निखिल, nikhil)—*a.* समस्त, सम्पूर्ण, entire, whole.

নিখুঁত (निखुँत, nikhuñt)—*a.* त्रुटि रहित, दोषहीन, faultless, flawless, perfect.

নিগড় (निगड़, nigaṛ)—*n.* साँकल, जंजीर, बेड़ी, an iron chain, a shackle for the feet, fetters.

নিগদ (निगद, nigad)—*n.* भाषण, कथन, an utterance, a saying. নিগদিত (निगदित, nigadita)—*a.* कथित, spoken, uttered.

নিগম (निगम, nigam)—*n.* तंत्रशास्त्र, वेद, नगर, पथ, हाट, पौर सभा, बेपारी संघ, a scripture of the tantra cult, the Vedas, a city, a path, a market place, a corporation, a guild. —ন (निगमन, nigaman)—*n.* निर्गमन, exit.

নিগূঢ় (निगूढ़, nigurha)—*a.* अत्यंत गुप्त, गूढ़, जिसका अर्थ समझना कठिन है, रहस्यमय, perfectly concealed, mystical, extremely abstruse, mysterious.

নিগৃহীত (निगृहीत, nigrihita)—*a.* आक्रमित, आक्रांत, उत्पीड़ित, coerced, oppressed, repressed, tortured.

নিগ্রহ (निग्रह, nigraha)—*n.* शासन, दंड, पीड़न, अत्याचार, निरोध, oppression, suppression, restraint.

নিঘণ্টু (निघंटु, nighanṭu)—*n.* यास्क प्रणीत वैदिक शब्दों का कोश, a Vedic glossary compiled by Yaska, a lexicon.

নিচয় (निचय, nichaya)—*n.* समूह, वृद्धि, a collection, an assemblage, an increase.

নিচু (निचु, nichu)—*a.* नीचा, low.

নিচে (निचे, nichē)—*adv., prep.* नीचे, अधोभाग में, under, below, underneath.

নিচোল (निचोल, nichol)—*n.* लहंगा, ओढ़नी, घाघड़ा, a long loose skirt, a modesty vest.

নিছক (निछक, nichhak)—*n.* निखालिस, विशुद्ध, mere, sheer.

নিজ (निज, nij)—*a.* अपना, निज का, own. —নিজ (निज निज nija nija)—*a.* अपना अपना, ownselves, respective. —স্ব (निजस्व, nijashsha)—*a.* अपना, निज का, अपना धन, own, belonging to one's ownself, one's

own property.

নিজে (निजे, nijē)—*pro.* खुद, स्वयं, by one's own self, personally. আমি নিজে (आमि निजे, āmi nijē)—मैं खुद, (I) myself. আমরা নিজেরা (आमरा निजेरा, āmarā nijērā) हम खुद, (we) ourselves. তুমি নিজে (तुमि निजे, tumi nijē) तुम खुद, (you) yourself. তোমরা নিজেরা (तोमरा निजेरा, tomarā nijērā) तुमलोग खुद, (you) yourselves. নিজের (निजेर, nijēr)—*a.* अपना, own. নিজের পায়ে কুড়ুল মারা (निजेर पाये कुड़ुल मारा, nijēr pāyē kuṛul mārā) —*v.* अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारना, to dig one's own grave.

নিঝুম (निझुम, nijhum)—*a.* शब्द-रहित, सन्नाटा छाया हुआ, निस्तब्ध, soundless, noiseless, still.

নিটোল (निटोल, niṭol)—*a.* सुडौल, गोल, fully blown out, having no dimples or depressions.

নিঠুর (निठुर, niṭhur)—*a.* निर्दयी, निष्ठुर, बेरहम, merciless hard-hearted, (used in poetry).

নিড়ান (निड़ानो, niṛano)—*v.* खेत में से घास पात उखाड़ना, to weed (as a field), to root out.

নিড়ানি (निड़ानि, niṛani)—*n.* खुरपी, a weeding tool.

নিত (नित, nit)—*adv.* प्रतिदिन, everyday.

নিতম্ব (नितम्ब, nitamba)—*n.* चूतड़, नितम्ब, the buttocks, the hip (esp. of a woman).

নিতম্বিনী (नितम्बिनी, nitambini) —*a.* सुडौल नितम्बोंवाली स्त्री, a woman having well shaped or plump buttocks.

নিতা (निता, nitā)—*n.* भोजन के लिये निमंत्रण, न्योता, दावत, an invitation at a dinner or feast.

নিতাই (निताइ, nitāi)—*n.* नित्यानंद, चैतन्यदेव के प्रधान धर्मसाथी, the chief religious associate of *Chaitanya Mahaprabhu.*

নিতান্ত (नितांत, nitānta)—*a.* अत्यंत, much, excessive, extreme. —*adv.* निहायत, बहुत ज्यादा, excessively, intensely.

নিতি (निति, niti)—*adv.* नित्य, रोज, every day. daily.

নিত্য (नित्य, nitya)—*a.* चिरस्थायी, शाश्वत, eternal, perpetual, everlasting. —*adv.* सदा, रोज, always, every day, daily.

নিথর (निथर, nithar)—*a.* निश्चल, गतिरहित, calm, motionless.

নিদ (निद, nid)—*n.* नींद, निद्रा (पद्य में), sleep (used in poem).

নিদয় (निदय, nidaya)—*a.* निर्दयी,

বেরহম (पद्य में), merciless, cruel.

নিদর্শন (निदर्शन, nidarshan)—*n.* उदाहरण, दृष्टांत, चिह्न, instance, example, proof, token.

নিদাঘ (निदाघ, nidāgha)—*n.* ग्रीष्म-काल, गर्मी, summer, heat.

নিদান (निदान, nidān)—*n.* मूल कारण, आदि कारण, the root cause, the primary cause, pathology, diagnosis. —*a.* अंतिम, चरम, final, last. —কাল (निदान काल, nidān kāl)—*n.* अंतिम समय, मृत्युकाल, the last moments, the time of death. —পক্ষে (निदान पक्षे, nidān pakkhē)—*adv.* एकान्त, अंततोगत्वा, at least, in the last resort.

নিদারুণ (निदारुण, nidārun)—*n.* घोर, भयानक, दुःसह, very severe, dreadful, unbearable.

নিদিধ্যাসন (निदिध्यासन, nididhyāshan)—*n.* एकाग्र चित्त में ध्यान, पुनः पुनः चिंतन, profound meditation about implication, repeated consideration.

নিদেশ (निदेश, nidēsh)—*n.* आदेश, निर्देश, order, direction.

নিদেশালয় (निदेशालय, nidēshālaya)—*n.* अधिकार, निदेशालय, directorate.

নিদ্রা (निद्रा, nidrā)—*n.* नींद, निद्रा, sleep. —লু (निद्रालु, nidrālu) —*a* निंद्राशील, sleepy, drowsy.

নিদ্রিত (निद्रित, nidrita)—*a.* सोया हुआ, sleeping, asleep, inactive.

নিধন (निधन, nidhan)—*n.* हत्या, नाश, मरण, मृत्यु, killing, extinction, death, destruction.

নিধান (निधान, nidhān)—*n.* आधार, भंडार, a vessel, a repertory, possession, a treasury.

নিধি (निधि, nidhi)—*n.* आधार, धन, store, treasury, fund.

নিনাদ (निनाद, ninād)—*n.* शब्द, गर्जना, sound, noise, roar.

নিন্দা (निन्दा, nindā)—*n.* निंदा, शिकायत, बदनामी कलंक, slander, blame, condemnation, disrepute. নিন্দনীয়, নিন্দার্হ (निन्दनीय, निंदार्ह, nindaniya, nindārha) —*a.* blamable, condemnable.

নিন্দক, নিন্দুক (निंदक, निंदुक, nindak, ninduk)—*a.* निंदा करनेवाला, शिकायती, blaming, reviling, accusing, fault finding.

নিপতন (निपतन, nipatan)—*n.* नीचे पतन, falling down, down fall. নিপতিত (निपतित, nipatita)—*a.* नीचे पतित, गिरा हुआ, fallen down, fallen.

নিপাত (निपात, nipāt)—*n.* पतन, विनाश, मृत्यु, downfall, ruin,

death, destruction.

নিপাতন (निपातन, nipātan)—*n.* नीचे निक्षेप, हत्या, नियम का व्यतिक्रम, act of throwing down, overthrow, an irregular use, an exception (in grammar). **নিপাতিত** (निपातित, nipātita) —*a.* नीचे गिराया हुआ, निहत, विनाशित, overthrown, killed.

নিপাড়ন (निपीड़न, nipiṛan)—*n.* पीड़न, दुःखप्रदान, मर्दन, मसलना, oppression, repression, torture, pressing, quelling.

নিপীড়িত (निपीड़ित, nipiṛita)—*a.* पीड़न किया हुआ, सताया हुआ, oppressed, repressed, quelled.

নিপুণ (निपुण, nipun)—*a.* दक्ष, कुशल, प्रवीण, skilful, clever, efficient. —**তা** (निपुणता, nipunata)—*n.* दक्षता, कुशलता, प्रवीणता, skilfulness, clever ness, efficiency.

নিব (निब, nib)—*n.* कलम में लगाये जानेवाला, धातु का मुख, a nib.

নিবদ্ধ (निबद्ध, nibaddha)—*a.* बंधा हुआ, जड़ा हुआ, स्थिर, bound, tied, fixed.

নিবন্ধ (निबन्ध, nibandha)—*n.* बन्धन, लिखित प्रबन्ध, लेख, a tie, a bond, an essay, a literary composition.

নিবা (निबा, nibā)—*v.* बुतना, बुझना, धरना, to be extinguished or quenched.

নিবাত (निबात, nibāt)—*a.* वायुशून्य, वायु न रहने से स्थिर, airless, motionless, still.

নিবান (निबानो, nibāno)—*v.* बुताना, बुझाना, to put out, to extinguish, to quench.

নিভ (निभ, nibha)—*a.* सदृश, तुल्य, resembling, like, similar.

নিভাঁজ (निभाँज, nibhāñj)—*a.* जिसमें शिकन न हो, चिकना, मिलावटरहित, खरा, शुद्ध, bearing no crease or wrinkle, plane, smooth, unadulterated, pure.

নিভৃত (निभृत, nibhrita)—*a.* एकांत, निर्जन, solitary, private, lonely. —**স্থান** (निभृतस्थान, nibhrita sthān)—*n.* गुप्तस्थान, जनशून्यस्थान, a solitary or secluded place, a lonely retreat, a solitude.

নিভৃতে (निभृते, nibhritē)—*adv.* गुप्तरूप से, एकांत में, secretly, privately, in solitude.

নিম (निम, nim)—*n.* नीम, the margosa (tree or leaves or fruit). —*sfx.* उप, आधा, signifying half or partly, almost.

নিমক (निमक, nimak)—*a.* नमक,

নুন, লবণ, salt. —হারাম (निमक हाराम, nimak hārām)—*a.* अकृतज्ञ, नमक हराम, ungrateful, disloyal. —হালাল (निमक हालाल, nimakhālāl)—*a.* कृतज्ञ, नमक हलाल, grateful, faithful.

নিমকি (निमकि, nimki)—*n.* घी में या तेल में तला हुआ मैदे का नमकीन खाद्य, नमकीन समोसा, salted and crisp snack made by frying thin plates of flour in clarified butter or oil, salted snack.

নিমগ্ন (निमग्न, nimagna)—*a.* डूबा हुआ, लवलीन, sunk, immersed, absorbed in.

নিমজ্জন (निमज्जन, nimajjan)—*n.* डूबना, डूब कर किया जानेवाला स्नान, अवगाहन, sinking, immersion, act of bathing by immersing into water.

নিমজ্জিত (निमज्जित, nimajjita)—*a.* डूबा हुआ, नहाया हुआ, स्नात, मग्न, drowned, sunken. engrossed, absorbed.

নিমন্ত্রণ (निमंत्रण, nimantran)—*n.* बुलावा, आह्वान, न्योता, invitation, call, an invitation to a feast. নিমন্ত্রিত (निमंत्रित, nimantrita)—*a.* बुलाया हुआ, आहूत, जिसे न्योता दिया गया हो, invited, called, invited at a dinner or feast.

নিমিত্ত (निमित्त, nimitta)—*n.* हेतु. कारण, उद्देश्य, a cause or reason, a motive, an aim.
—*prep* लिये, for.

নিমিষ, নিমেষ (निमिष, निमेष, nimish, nimēsh)—*n.* पलक का गिरना, पलक मारने भरका समय, पल, क्षण, a wink, a twinkle of an eye, a movement

নিমীলন (निमीलन, nimilan)—*n.* बंद करना, मूंदना, सिकोड़ना, act of closing or shutting as of eyes.

নিমীলিত (निमीलित, nimilita)—*a* मुंदा हुआ, closed, shut, contracted.

নিম্ন (निम्न, nimna)—*a.* नीचा, low, low lying. —গামী (निम्नगामी, nimnagāmi)—*a.* नीचे जानेवाला, going downwards. —তম (निम्नतम, nimnatama) —*a.* सबसे नीचे का, lowest, minimum. —লিখিত (निम्न लिखित, nimnalikhita)—*a.* नीचे लिखा हुआ, written below.

নিম্ব (निम्ब, nimba)—*n.* नीम, the margosa (tree or seed).

নিয়ত (नियत, niyata)—*a.* नियम द्वारा स्थिर, बंधा हुआ, निश्चित, मुकर्रर, नियमित, संयमित, unchang-

ing, fixed, regulated. —*adv.* सदा, नित्य, always.

নিয়তি (नियति, niyati)—*n.* नियत होने का भाव, अवश्य होनेवाली बात, भाग्य, अदृष्ट, destiny, inevitable consequence, fate.

নিয়ন্তা (नियन्ता, niyantā)—*n.,a.* नियामक, परिचालक, शासक, one who regulates or controls or destines, a regulator, a director, a cotroller.

নিয়ন্ত্রিত (नियन्त्रित, niyantrita) —*a.* नियम से बन्धा हुआ, कायदे का पाबन्द, संयमित, regulated, determined, controlled.

নিয়ম (नियम, niyam)—*n.* नियम, विधि, विधान, निर्देश, a regulation, a rule, a method, a direction. —তন্ত্র (नियमतंत्र, niyamtantra)—*n.* निर्दिष्ट नियमावली, constitution.

নিয়মিত (नियमित, niyamita)—*a.* नियमबद्ध, नियंत्रित, regulated, regular. —*adv.* regularly.

নিযুক্ত (नियुक्त, nijukta)—*a.* लगा हुआ, बहाल, मुकर्रर engaged, employed, appointed. —করা (नियुक्त करा, nijukta karā)—*v.* बहाल करना, to employ, to engage, to appoint.

নিযুক্তি (नियुक्ति, nijukti)—*n.* नियुक्ति, बहाली, मुकर्ररी, employment, appointment.

নিযুত (नियुत, nijut)—*n.* दश लाख, a million.

নিয়োগ (नियोग, niyog)—*n.* बहाली, तैनाती, employment, appointment. —কর্তা (नियोग कर्ता, niyog kartā)—*n.* नियोग करनेवाला, an appointing authority, an employer.

নিয়োজিত (नियोजित, niyojita) —*n. see* নিযুক্ত।

নিরক্ষর (nirakkhar)—*a.* अनपढ़, अशिक्षित, illiterate, unlettered.

নিরঙ্কুশ (निरंकुश, nirankush)—*a* जिसके लिये कोई अंकुश या प्रतिबंध न हो, बिना डर का, स्वेच्छाचारी, free from ties, unrestrained, self-willed.

নিরঞ্জন (निरंजन, niranjan) —*a.* अंजनरहित, दोषरहित, निर्मल, stainless, clean, pure. —*n.* परमात्मा, पूजा के बाद प्रतिमा का पानी में विसर्जन, God, act of immersion of an idol after it has been duly worshipped.

নিরত (निरत, nirata)—*a.* लगा हुआ, तल्लीन, असक्त, engaged, engrossed, attached.

নিরতি (निरति, nirati)—*n.* आसक्ति, attachment. —শয় (निरतिशय,

niratishaya)—*a.* अत्यंत, बहुत अधिक, too much, excessive.—*adv.* excessively, very much.

নিরন্তর (निरंतर, nirantar)—*a.*, *adv.* अंतर रहित, अविच्छिन्न, लगातार, सर्वदा, ceaseless, continuous, without break, ceaselessly, continuously, always.

নিরন্ন (निरन्न, niranna)—*a.* अन्न रहित, दरिद्र, having no food, without means of subsistence, very poor.

নিরপরাধ (निरपराध, niraparādh) —*a.* निर्दोष, बेकसूर, guiltless, innocent.

নিরপেক্ষ (निरपेक्ष, nirapēkkha) —*a.* बेतरफदार, जो किसी पर निर्भर न हो, बेपरवाह, तटस्थ, impartial, without expectation or purpose, indifferent, unbiased.

নিরভিমান (निरभिमान, nirabhimān)—*a.* जिसे अभिमान न हो, अहंकार शून्य, absence of pride, unassuming, modest.

নিরভ্র (निरभ्र, nirabhra)—*a.* मेघ शून्य, बिना बादल का, cloudless.

নিরম্বু (निरंबु, nirambu)—*a.* जलहीन, निर्जल, waterless. —উপবাস (निरंबु उपवास, nirambu upabāsh)—*n.* उपवास जिसमें पानी भी नहीं पिया जा सकता है, fasting in which drinking of evena drop of water is not permitted.

নিরর্থক (निरर्थक, nirarthak)—*a.* अर्थरहित, व्यर्थ, बिना मतलब का, meaningless, needless, unnecessary. —*adv.* वृथा, बिना कारण, in vain, meaninglessly, unnecessarily.

নিরলস (निरलस, niralash)—*a.* आलस्य रहित, उद्यमी, not idle, not lazy or indolen', diligent.

নিরবচ্ছিন্ন (निरवच्छिन्न, nirabachchhinna)—*a.* जिसका क्रम टूटा न हो, सिलसिलेवार, अटूट, absolute, incessant, continuous.

নিরবধি (निरवधि, nirabadhi)—*a.* सीमा रहित, अनंत, unlimited, endless, infinite. —*adv.* निरंतर, लगातार, without coming to an end, continually, always.

নিরসন (निरसन, nirashan)—*n.* निराकरण, मोचन, निवारण, removal, abolition, mitigation.

নিরস্ত (निरस्त, nirasta)—*a.* निवृत्त, खंडित, विरत, checked, refuted, prevented, desisted.

নিরস্ত্র (निरस्त्र, nirastra)—*a.* अस्त्र रहित, बेहथियार, unarmed, disarmed, without weapons.

নিরহঙ্কার (निरहंकार, nirahankār) —*a.* अहंकार रहित, अभिमान रहित,

free from pride or vanity, humble, modest.

নিরাকরণ (निराकरण, nirākaran) —*n.* निरसन, निवारण, खंडन, प्रतिकार, mitigation, prevention, refutation, remedy.

নিরাকার (निराकार, nirākār)—*a.* जिसका कोई आकार न हो, आकृतिहीन, formless, shapeless, incorporeal. —*n.* आकाश, ईश्वर, the sky, God.

নিরাধার (निराधार, nirādhār)—*a.* जिसका कोई आधार न हो, निराश्रय, without a foundation, having no support or shelter.

নিরানন্দ (निरानंद, nirānanda)—*a.* आनन्दहीन, जिसमें आनंद न हो, cheerless, joyless, unhappy.

নিরাপত্তা (निरापत्ता, nirāpattā)—*n.* जिसमें हानि या अनर्थ की आशंका न हो, safety, security. —আইন (निरापत्ता आइन, nirāpattā āin) —*n.* security act. —পরিষদ (निरापत्ता परिषद, nirāpattā parishad) *n.* security council (of the U. N. O.).

নিরাপদ (निरापद, nirāpad)—*a.* जिसे कोई आफत या डर न हो, सुरक्षित, free from danger or mishap, safe, secure.

নিরাময় (निरामय, nirāmaya)—*a,* नीरोग, तंदुरुस्त, free from sickness, cured from disease.

নিরামিষ (निरामिष, nirāmish)—*n.* शाकाहार, मछली-मांस-अंडा वर्जित आहार, food excluding fish meat and egg, vegetarian diet.

নিরালম্ব (निरालंब, nirālamba) —*a.* अवलंबनहीन, बेसहारा, निराश्रय, having no support or prop, helpless.

নিরালা (निराला, nirālā) —*a.* निर्जन, सुनसान, lonely, solitary, secluded.—*n.* निर्जन स्थान, a lonely place or retreat.

নিরাশ (निराश, nirāsh) —*a.* आशाहीन, हताश, नाउम्मीद, without hope, hopeless, disappointed.

নিরাশা (निराशा, nirāshā)—*n.* आशाहीनता, हताशा, नाउम्मेदी, hopelessness. despair.

নিরাশ্রয় (निराश्रय, nirāsraya) —*a.* आश्रयहीन, बिना सहारेका, अशरण, shelterless, homeless, destitute.

নিরাহার (निराहार, nirāhār)—*a.* आहार रहित, जो बिना भोजन के हो, fasting, without food.

নিরিখ (निरिख, nirikh)—*n.* दर, भाव, rate or price.

নিরিবিলি (निरिबिलि, niribili)—*a.* *see* নিরালা।

নিরীক্ষক (निरीक्षक, nirikkhak)

—*n.* देखनेवाला, देखरेख करनेवाला, an observer, an onlooker.

নিরীক্ষণ (निरीक्षण, nirikkhan) —*n.* देखना, देखरेख, निगरानी, observation, seeing, auditing.

নিরীক্ষা (निरीक्षा, nirikkhā)—*n.* see নিরীক্ষণ।

নিরীশ্বর (निरीश्वर, nirishshar) —*a.* ईश्वरहीन, ईश्वर रहित, godless, atheistic, denying the existence of God. —বাদ (निरीश्वरवाद, nirishsharbād) —*n.* नास्तिकता, atheism, materialism. —বাদী (निरीश्वर वादी, nirishsharbādi) — *a.* जो ईश्वर का अस्तित्त्व न माने, नास्तिक, denying the existence of God, an atheist.

নিরীহ (निरीह, niriha)—*a.* शांत, भोला, unoffending, inoffensive, harmless.

নিরুক্ত (निरुक्त, nirukta)— *a.* निश्चय रूपसे कहा हुआ, catagorically spoken or stated. —*n.* यास्क मुनि कृत वैदिक शब्दकोश, a Vedic glossary prepared by the sage Yaska.

নিরুত্তর (निरुत्तर, niruttar)—*a.* लाजवाब, जो उत्तर न दे या प्रतिवाद न करे, unanswering, having no answer to make.

নিরুৎসাহ (निरुत्साह, nirutshāha) —*a.* उत्साह रहित, lacking in zeal or enthusiasm.

নিরুৎসুক (निरुत्सुक, nirutshuk) —*a.* आग्रह-रहित, disinterested, incurious, callous.

নিরুদ্দেশ (निरुद्देश, niruddesh) —*a.* लापता, untraceable.

নিরুদ্ধ (निरुद्ध, niruddha)—*a.* रुका या बँधा हुआ, obstructed or confined, besieged.

নিরুদ্যম (निरुद्यम, niruddam)—*a.* उद्यमरहित, unenterprising, effortless, callous, lethargic.

নিরুদ্বিগ্ন (निरुद्विग्न, nirudbigna)—*a.* न घबराया हुआ, unperturbed, unworried, unanxious.

নিরুপদ্রব (निरुपद्रव, nirupadrab) —*a.* जिसमें कोई उपद्रव न हो, free from troubles, undisturbed.

নিরুপম (निरुपम, nirupam)—*a.* अनुपम, तुलना-रहित, unparalleled, matchless. (*f.* নিরুপমা)

নিরুপায় (निरुपाय, nirupāya)—*a.* उपायरहित, प्रतिकार करने में असमर्थ, जिसका कोई उपाय न हो, having no means, resourceless, destitute, helpless.

নিরূপণ (निरुपण, nirupan)—*n.* निर्णय, निश्चय, ascertainment. determination. নিরূপিত

(নিরূপিত, nirupita)—*a.* निश्चित निर्धारित, ascertained, determined, fixed, appointed.

নিরেট (निरेट, nirēṭ)—*a.* ठोस, कठिन, solid or hard. बेवकूफ, dull-headed, stupid.

নিরেস (निरेस, niresh)—*a.* खराब, निकृष्ट, of inferior quality.

নিরোধ (निरोध, nirodh)—*a.* रोक, अवरोध, रुकावट, obstruction, prevention.

নির্গত (निर्गत, nirgata)—*a.* निकला हुआ, बाहर आया हुआ, come out, flowed out, ejected.

নির্গমন (निर्गमन, nirgaman)—*n.* बाहर निकलना, निकास, act of going out, outflow, ejection, exit.

নির্গুণ (निर्गुण, nirgun)—*a.* गुण रहित, गुणहीन, void of qualities, having no merit. गुण या विशेषण रहित, without attributes (used of God).

নির্ঘণ্ট (निर्घण्ट, nirghanṭa)—*n.* विषय या कर्मसूची, तालिका, table of contents, an index.

নির্ঘাৎ (निर्घात, nirghāt)—*n.* तेज हवा चलने का शब्द, वज्रपात का शब्द, the sound of winds clashing together violently, a thunderstroke.—*a.* अव्यर्थ, प्रचंड, sure, certain, violent.

নির্ঘোষ (निर्घोष, nirghosh)—*n.* उच्च शब्द, आवाज, a loud noise or report.

নির্জন (निर्जन, nirjan)—*a.* एकान्त, सुनसान, desolate, lonely, solitary.—*n.* एकान्त स्थान, निर्जनता, solitude, seclusion, desolation.

নির্জল (निर्जल, nirjal)—*a.* जलरहित, बिना जल का, water-less, without water.

নির্জীব (निर्जीव, nirjib)—*a.* मृत, कमजोर, दुर्बल, अचेत, lifeless, dead, devitalized, spiritless.

নির্ঝঞ্ঝাট (निर्झंझाट, nirjhanjhāṭ) —*a.* झंझट से मुक्त, झंझट-रहित, unencumbered, peaceful.

নির্ঝর (निर्झर, nirjhar) —*n.* झरना, सोता, a fountain, a spring, a waterfall, a rivulet.

নির্ঝরিণী (निर्झरिणी, nirjharini) —*n.* नदी, a river, a stream.

নির্ণয় (निर्णय, nirnaya)—*n.* निर्धारण, निरुपण, निश्चय, फैसला, सिद्धांत, discernment, ascertainment, decision, conclusion. —করা (निर्णय करा, nirnaya karā)—*v.* निर्णय करना, स्थिर करना, to discern, to decide, to ascertain.

নির্দয় (निर्दय, nirdaya)—*a.* दया रहित, निर्दयी, बेरहम, कठोर, merciless, hard-hearted, cruel.

নির্দিষ্ট (निर्दिष्ट, nirdista)—*a.* जिसका निर्देश हो चुका हो, बतलाया या नियत किया हुआ, pointed out, indicated, fixed, appointed.

নির্দেশ (निर्देश, nirdesh)—*n.* उल्लेख, आदेश, हुक्म, बतलाना, pointing out, command, order, direction, directive.

নির্দেশক (निर्देशक, nirdeshak)—*a.*, *n.* निर्देश करनेवाला, निदेशक, a director, a commander, an authority.

নির্দোষ (निर्दोष, nirdosh)—*a.* दोष-रहित, निरपराध, बेगुनाह, बेकसूर, faultless, guiltless, innocent.

নির্দ্বন্দ্ব (निर्द्वन्द्व, nirdanda)—*a.* जिसका कोई विरोध करनेवाला न हो, जो राग-द्वेष मान-अपमान आदि द्वंद्वों से मुक्त, free from opposition, not influenced by two contrary things or feelings as—cold and heat, attraction and malice, honour and contempt.

নির্ধন (निर्धन, nirdhan)—*a.* धन-हीन, गरीब, having no wealth, poor, indigent.

নির্ধারণ (निर्धारण, nirdhāran)—*n.* निश्चय, निर्णय, ठहराना, ascertainment, determination, fixation, decision.

নির্ধারিত (निर्धारित, nirdhārita)—*a.* निर्दिष्ट, स्थिरीकृत, ascertained, fixed, appointed.

নির্ধূম (निर्धूम, nirdhum)—*a.* धुआँ-रहित, smokeless.

নির্নিমেষ (निर्निमेष, nirnimesh)—*a.* एक टक, जिसमें पलक न गिरे, unwinking, winkless.

নির্বন্ধ (निर्बन्ध, nirbandha)—*n.* आग्रह, जिद, विधान, eagerness, urgency, persistence, importunity, obligation, decree.

নির্বল (निर्बल, nirbal)—*a.* निर्बल, बलहीन, कमजोर, weak, feeble.

নির্বুদ্ধিতা (निर्बुद्धिता, nirbuddhitā)—*n.* बुद्धिहीनता, foolishness, ignorance, stupidity.

নির্বোধ (निर्बोध, nirbodh)—*a.* बुद्धिहीन, अज्ञानी, मूर्ख, without intellect, foolish, ignorant.

নির্ভয় (निर्भय, nirbhŏy) —*a.* निडर, साहसी, fearless, dauntless, brave. —তা (निर्भयता, nirbhayatā)—*n.* निडरपन, साहस, fearlessness, intrepidity.

নির্ভর (निर्भर, nirbhar) —*n.* अवलम्बन, भरोसा, आश्रयस्थल, prop or support, dependence, reliance, confidence. —করা (निर्भर करा, nirbhar karā)—*v.* अवलम्बन करना, भरोसा करना, to depend (upon), to rely (on).

নির্ভাবনা (निर्भावना, nirbhābanā) —*n.* भावना या चिंताहीनता, absence of worries & anxieties. —*a* चिन्तामुक्त, free from worries and anxieties.

নির্ভীক (निर्भीक, nirvik)—*a.* *see* নির্ভয় । —তা (निर्भीकता, nirbhikatā)—*n.* *see* নির্ভয়তা ।

নির্ভুল (निर्भुल, nirbhul) —*a.* जिसमें भूल नहीं है, शुद्ध, free from mistake or error, correct.

নির্মম (निर्मम, nirmam) —*a.* ममताहीन, कठोरहृदय, merciless, cruel, hard-hearted.

নির্মল (निर्मल, nirmal)—*a.* मलहीन, अमलिन, स्वच्छ, शुद्ध, free from filth or dirt, clean, clear, transparent, pure. —তা (निर्मलता, nirmalatā)—*n.* मलहीनता, स्वच्छता, शुद्धता, state of being free from dirt or impurity, cleanness, purity.

নির্মলী (निर्मली, nirmali)—*n.* एक बीज जिससे जल निर्मल होता है, a nut used to purify water.

নির্মাণ (निर्माण, nirmān) —*n.* रचना, बनाने का काम, बनावट, गठन, act of making, formation, manufacture, construction.

নির্মাতা (निर्माता, nirmātā)—*a.*,*n.* बनानेवाला, maker, architect.

নির্মাল্য (निर्माल्य, nirmālya)—*n.* देवताको चढ़ाया हुआ फूल माला आदि, flowers and garldands etc. offered to a deity.

নির্মিত (निर्मित, nirmita) —*a.* बनाया हुआ, made, formed, constructed, manufactured.

নির্মুক্ত (निर्मुक्त, nirmukta)—*a.* मुक्त, रिहा, छोड़ा हुआ, let loose, set free, completely free from.

নির্মূল (निर्मूल, nirmūl) —*a.* मूलरहित, जिसमें जड़ न हो, बिना जड़ का, सर्वथा नष्ट, rootless, without root, uprooted.

নির্মোক (निर्मोक, nirmok)—*a.* साँप की छोड़ी हुई त्वचा, केंचुली, कवच, आकाश, the slough of a snake, armour, the sky.

নির্যাতন (निर्यातन, nirjātan)—*n.* पीड़न, अत्याचार, उत्पीड़न, oppression, persecution, tormenting. —নির্যাতিত (निर्यातित, nirjatita) —*a.* पीड़ित, उत्पीड़ित, oppressed, tormented, persecuted.

নির্যাস (निर्यास, nirjāsh) —*n.* रस, सार, essence, extract.

নির্লজ্জ (निर्लज्ज, nirlajja) —*a.* बेशर्म, बेहया, shameless, impudent, brazen-faced. —তা (निर्लज्जता, nirlajjatā) —*n.* बेशर्मी, बेहयाई, shamelessness.

নির্লিপ্ত (निर्लिप्त, nirlipta)—*a.* जो लिप्त न हो, आसक्ति-रहित, having no attachment for, disinterested, keeping aloof.

নির্লোভ (निर्लोभ, nirlobh) —*a.* जिसे लोभ न हो, लोभ-रहित, free from desire or greed.

নির্বংশ (निर्वंश, nirbangsha)— *a.* वंशहीन, वेऔलाद, without progeny, having no descendant.

নির্বাক (निर्वाक, nirbāk)—*a.* मौन, चुप, speechless, silent.

নির্বাচক (निर्वाचक, nirbāchak)—*n.* वह जो निर्वाचन करता है, चुननेवाला, a chooser or selector, a voter.

নির্বাচন (निर्वाचन, nirbāchan)—*n.* किसी काम के लिये बहुतों में से एक या अधिक को चुनना, चुनाव, election, voting, selection.

নির্বাচিত (निर्वाचित, nirbāchita) —*a.* चुना हुआ, elected.

নির্বাণ (निर्वाण, nirbān) —*n.* बुझना, ठंढा होना, न रह जाना, समाप्ति, अस्त, चिरशांति, मुक्ति, extinguishment, extinction, end, setting, liberation or release of the soul from individuality and absorption into the supreme spirit.

নির্বাত (निर्वात, nirbāt)—*a.* वायु-रहित, स्थिर, windless, calm.

নির্বাপণ (निर्वापण, nirbāpan)—*n.* आग का बुझना, शांत होना, समाप्त होना, putting out, extinction, quenching, allaying.

নির্বাপিত (निर्वापित, nirbāpita) —*a.* बुझाया हुआ, put out, extinguished, allayed.

নির্বাসন (निर्वासन, nirbāshan)—*n.* देश निकाला, देश से बाहर निकाल देना, banishment, exile, expulsion, transportation. —নির্বাসিত (निर्वासित, nirbāshita)—*a.* अपने निवास स्थान से निकाला हुआ, जिसे देश निकाला मिला हो, expelled from one's country, banished, transported.

নির্বাহ (निर्वाह, nirbāha)—*n.* किसी क्रम अनुसार चलना, संपादन, पालन, गुजारा, act of carrying on or out, accomplishment, performance, maintenance. —ক (निर्वाहक, nirbāhak)—*n.* निर्वाह करनेवाला, one who carries out or executes.

নির্বিকল্প (निर्विकल्प, nirbikalpa)—*a.* जो विकल्प परिवर्तन या प्रभेदों से रहित हो, स्थिर, निश्चित, without an alternative, unconditioned, completely identified with or absorbed into the Infinite. —সমাধি (निर्विकल्प समाधि, nirbi-

kalpa shamādhi)—*n.* एक प्रकार की समाधि जिसमें ज्ञेय ज्ञान ओर ज्ञाता आदि के कोई भेद नहीं रह जाता, a profound meditation in which there exists no distinction between the subject and the object, absolute indentification with the Infinite.

নির্বিকার (निर्विकार, nirbikār)—*a.* जिसमें किसी प्रकार का विकार या परिवर्तन न हो, having no change or alteration, unperturbed, unaffected, indifferent.

নির্বিঘ্ন (निर्विघ्न, nirbighna)—*a.* विघ्नबाधा रहित, free from any hindrance or obstacle, unopposed, unobstructed.

নির্বিঘ্নে (निर्विघ्ने, nirbighnē)—*adv.* बिना किसी प्रकार के विघ्न के, without being opposed or meeting any obstacle, unobstructedly, safely.

নির্বিচার (निर्विचार, nirbichār)—*a.* विचार-रहित, absence of consideration or discrimination.

নির্বিচারে (निर्विचारे, nirbichārē) —*adv.* विचार न करके, न छाँटकर, indiscriminately, without distinction or consideration.

নির্বিরোধ, নির্বিরোধী (निर्विरोध, निर्विरोधी, nirbirodh, nirbirodhi)—*a.* जिसका किसी से विरोध या बाधा न हो, free from strife or quarrel or opposition, peaceful, one who has no opposition or strife. —নির্বিরোধে (निर्विरोधे, nirbirodhē)—*adv.* बिना किसी विरोध या रुकावट के, without strife or quarrel, unopposedly.

নির্বিবাদ (निर्विवाद, nirbibād)—*a.* जिसमें कोई मतभेद या वितर्क न हो, विना झगड़े का, undisputed, unopposed, নির্বিবাদে (निर्विवादे, nirbibādē)—*adv.* विवाद न करके, unobstructedly, peacefully.

নির্বিশেষ (निर्विशेष, nirbishēsh) —*a.* अभिन्न, भेद का अभाव, irrespective, without any distinction similar, equal. নির্বিশেষে, भेद न करके, not distinguishing from, just like.

নির্বিষ (निर्विष, nirbish) —*a.* विष-रहित, free or freed from poison, non-poisonous.

নির্বীজ (निर्वीज, nirbij)—*a.* बीज या जीवाणु रहित, seedless, aseptic ; deprived of generative power. —করা (निर्वीज करा, nirbij karā)—*v.* बीज या जीवाणु रहित करना, to sterilize, to disinfect, to extirpate.

নির্বীর্য (निर्वीर्य, nirbirja) —*a.* वीर्यहीन, कमजोर या निस्तेज, lacking strength or valour, feeble or timid, impotent.

নির্বৈর (निर्वैर, nirbaira)—*a.* वैर या द्वेष से रहित, without enmity.

নিলয় (निलय, nilaya)—*n.* आलय, मकान, आधार, abode, residence, a dwelling place, a domicile.

নিলাজ (निलाज, nilāj)—*a*, बेहया, बेशर्म, लज्जाहीन, shameless, brazen-faced, impudent.

নিলাম (निलाम nilām)—*n.* नीलाम, an auction-sale.

নিলীন (निलीन, nilin)—*a.* लवलीन, निमग्न, completely sunk or drowned in, totally absorbed.

নিবর্তন (निवर्तन, nibartan)—*n.* निवारण, प्रत्यागमन, वापस आना, cessation, checking, turning or coming back, return.

নিবসন (निवसन, nibashan)—*n.* निवास की व्यवस्था, निवास, आवासन, a dwelling, an inhabiting, a residence, a domicile.

নিবাত (निवात, nibat)—*a.* वायुशून्य, windless, not windy.

নিবারক (निवारक, nibārak)—*a.* रोकनेवाला, रोधक, preventing, resisting, checking.

নিবারণ (निवारण, nibāran)—*n.* रोकने की क्रिया, हटाने या दूर करने की क्रिया, निवृत्ति, prevention, resistance, mitigation.

নিবাস (निवास, nibāsh)—*n.* वासस्थान, आवास, वसति, a dwelling place, an abode, a habitation, a residence.

নিবাসী (निवासी, nibāshi)—*a.,n.* रहनेवाला, बसनेवाला, inhabiting, dwelling, residing, a dweller, a resident. (*f.* निवासिनी)

নিবিড় (निविड़, nibiṛ)—*a.* घना, गाढ़ा, गहरा, close, compact, thick, dense, deep.

নিবিষ্ট (निविष्ट, nibishṭa) —*a.* एकाग्र, दत्तचित्त, प्रविष्ट, concentrated, wholly engrossed, absorbed, entered. —চিত্ত (निविष्ट चित्त, nibishṭa chitta) —*a.* एकाग्रचित्त, having one's mind deeply engaged or absorbed or concentrated.

নিবৃত্ত (निवृत्त, nibritta)—*a.* विरत, रुका हुआ, desisted, given up, refrained from, ceased.

নিবৃত্তি (निवृत्ति, nibritti) —*n.* रोक, विराम, वैराग्य, cessation, refraining, renunciation, detachment from the world.

নিবেদক (निवेदक, nibedak)—*a.,n.* निवेदन करनेवाला, प्रार्थी, making

known, informing, submitting, delivering, a petitioner.

নিবেদন (निवेदन, nibēdan)—*n.* आवेदन, विनती, प्रार्थना, समर्पण, submission, petition, request. offering. —করা (निवेदन करा, nibēdan karā) —*v.* निवेदन करना, विनती करना, प्रार्थना करना, समर्पण करना, अर्पित करना, to submit. to dedicate or offer in devotion. —নিবেদিত (निवेदित, nibēdita)—*a.* निवेदन किया हुआ, अर्पित किया हुआ, submitted, offered in divotion.

নিবেশ (निवेश, nibēsh) —*n.* स्थापन, प्रवेश, डेरा डालना, placing, entrance, emplacement, encampment. নিবেশিত (निवेशित, nibēshita)—*a.* स्थापित, प्रविष्ट, placed, entered, arrayed.

নিশপিশ (निशपिश, nishpish)—*n.* अस्थिरता प्रकाश, expressing restlessness, uneasiness.

নিশা (निशा, nishā)—*n.* रात, the night. —কর (निशाकर, nishākar)—*n.* चाँद, the moon. —গম (निशागम, nishāgam)—*n.* रात्रिका आगमन, night fall. —চর (निशाचर. nishāchar)—*n.* रातको चरनेवाला, राक्षस, पिशाच, वन्य जंतु आदि, a night-wanderer, a demon, an evil spirit, any of the nightfaring creatures. (*f.*—নিশাচরী)।

নিশাদল (निशादल, nishādal)—*n.* नौसादर, ammonium chloride.

নিশান (निशान, nisbān)—*n.* झंडा, ध्वजा, a flag, an ensign. নিশানা (निशाना, nishānā)—*n.* निदर्शन, चिह्न, लक्ष्य, a mark, a sign, a token, a target, an aim.

নিশি (निशि, nishi)—*n.* रात्रि, रात, the night. দিবা—(दिवानिशि, dibānishi)—*n.* दिनरात, day and night. —পালন (निशिपालन, nishipālan)—*n.* पूर्णिमा-अमावस्या आदि में रात का भोजन वर्जन, a fasting on a full moon or new moon night.

নিশিত (निशित, nishita) —*a.* धारदार, तीखा, sharpened, whetted, sharp, keen.

নিশীথ (निशीथ, nishītha)—*n.* आधीरात, रात का मध्य, midnight, late night. নিশীথিনী (निशीथिनी, nishithini) *n.* रात, the night.

নিশুতি (निशुति, nishuti)—*a.* गहरी (रात), निस्तब्ध (रात), (night) far advanced, soundless and advanced (night),

নিশ্চয় (निश्चय, nishchaya)—*n.* ऐसी धारणा जिसमें कोई संशय न हो,

निश्चित ज्ञान, firm or sure knowledge, conviction, ascertainment.—*a.* निःसन्देह, अवश्य, जरूर, free from doubts, convinced, sure.—*adv.* अवश्य, without, doubt, surely, certainly. —তা (निश्चयता, nischayatā) निःसंशय होने का भाव, स्थिरता, certainty, surety.

নিশ্চল (निश्चल, nishchal) —*a.* अचल, स्थिर, गतिहीन, motionless, still, stationary, fixed.

নিশ্চিত (निश्चित, nishchita)—*a.* तै किया हुआ, स्थिर, पक्का, settled, fixed, sure, decided.

নিশ্চিন্ত (निश्चिंत, nishchinta)—*a.* बेफिक्र, चिंतारहित, unworried, unperturbed, carefree.

নিশ্চেষ্ট (निश्चेष्ट, nishcheshṭa)—*a.* चेष्टा-रहित, उत्साहहीन, आलसी, effortless, inactive, lazy.

নিষঙ্গ (निषंग, nishanga) —*n.* तूण, तूणीर, तरकश, a container for arrows, a quiver.

নিষাদ (निषाद, nishād)—*n.* एक प्राचीन अनार्य जाति, किरात, व्याध, मछुआ, an ancient non-Aryan tribe, chiefly living on hunting or fishing, a hunter, a fisherman, a fowler (by caste).

নিষিক্ত (निषिक्त, nishikta)—*a.* सिक्त, गीला, drenched, wet or soaked, soppy, exuded.

নিষিদ্ধ (निषिद्ध, nishiddha)—*a.* जिसका निषेध किया गया हो, जिसके लिये मनाही हो, forbidden, prohibited, banned, proscribed.

নিষেক (निषेक, nishēk) —*n.* सिंचन, सींचना, क्षरण, sprinkling, watering, exudation.

নিষেধ (निषेध, nishēdh)—*n.* निषेध, मनाही, न करने का आदेश, act of forbidding, prohibition, prevention, restriction.

নিষেবণ (निषेवण, nishēban)—*n.* सेवा, परिचर्या, act of attending on, serving, attendance.

নিষ্ক (निष्क, nishka)—*n.* सोने का सिक्का, मोहर, अशरफी, a gold coin current in ancient India, a measure for weighing gold.

নিষ্কণ্টক (निष्कंटक, nishkanṭak) —*a.* काँटा-रहित, जिसमें किसी प्रकार की बाधा या झंझट आदि न हो, बिना खटके का, निर्विघ्न, thornless, free from troubles or dangers or enemies, safe.

নিষ্কম্প (निष्कंप, nishkampa)—*a.* कंपन-रहित, स्थिर, not trembling or moving, motionless.

নিষ্কর (निष्कर, nishkar) —*a.* करशून्य, निःशूल्क, exempt from

taxes, freehold, rent-free.

নিষ্করুণ (निष्करुण, nishkarun)—*a.* करुणा-रहित, निर्दयी, merciless, pitiless, infeeling, cruel.

নিষ্কর্মা (निष्कर्मा, nishkarmā)—*a.* कर्महीन, बेकार, आलसी, अकर्मन्य, having no work to do, effortless, inactive, idle.

নিষ্কর্ষ (निष्कर्ष, nishkarsha)—*n.* सार, निचोड़, तात्पर्य, खुलासा, essence, substance, extract, gist.

নিষ্কলঙ্ক (निष्कलंक, nishkalanka)—*a.* कलंक-रहित, निर्दोष, बेऐब, free from blot or fault, spotless, stainless, pure.

নিষ্কলুষ (निष्कलुष, nishkalush)—*a.* निष्पाप, निर्दोष, पवित्र, free from vice, sinless, pure.

নিষ্কাম (निष्काम, nishkām)—*a.* कामना-रहित, कामशून्य, फलाकांक्षा-रहित, having no wish or desire, free from lust or greed, not actuated by any desire. —কর্ম (निष्काम कर्म, nishkām karma) —*n.* कामना-रहित कर्म, dispassionate work, work for its own sake not desiring for its result.

নিষ্কাসন (निष्कासन, nishkāshan) —*n.* निकालना, बाहर करना, act of squeezing out, extraction.

নিষ্কৃতি (निष्कृति, nishkriti)—*n.* छुटकारा, मुक्ति, निस्तार, acquittance, rescue, release, escape.

নিষ্ক্রমণ (निष्क्रमण, nishkraman) —*n.* बहिर्गमन, बाहर निकलना, act of going or coming out, exit.

নিষ্ক্রান্ত (निष्क्रांत, nishkrānta)—*a.* निकला या निकाला हुआ, gone out, departed, expelled.

নিষ্ক্রিয় (निष्क्रिय, nishkriya)—*a.* क्रियाहीन, निश्चेष्ट, not doing any work, inactive, idle. —প্রতিরোধ (निष्क्रिय प्रतिरोध, nishkriya pratirodh)—*n.* बदला लेने के लिये कुछ न करके किया जानेवाला विरोध, किसी अनुचित कार्य या आज्ञा का वह शान्तिपूर्ण विरोध जिसमें दंड पाने की परवा नहीं किया जाता, सत्याग्रह, passive resistance, *Satyagraha.*

নিষ্ক্রিয়তা (निष्क्रियता, nishkriyatā)—*n.* क्रियाहीनता, निश्चेष्टता, inaction, inactivity.

নিষ্ঠ (निष्ठ, nishṭha)—*a.* अवलंबी, स्थित, तत्पर, निष्ठावान, fixed, steady, attached, devoted.

নিষ্ঠা (निष्ठा, nisṭhā)—*n.* दृढ़ विश्वास, श्रद्धा, भक्ति, पूज्य बुद्धि, firm faith, reverence, great devotion or attention, devoutness, —বান (निष्ठावान, nishṭhābān)

—*a.* जिसमें निष्ठा या श्रद्धा भक्ति हो, having firm faith, greatly devoted or attentive, observant of the scriptural code of behaviour and religious rites. (*f.*—निष्ठावती)। —ভরে (निष्ठाभरे, nishṭhābharē)—*adv.* निष्ठा के साथ, devotedly.

নিষ্ঠীবন (निष्ठीवन, nishṭhiban)—थूक, spittle, saliva, spitting.

নিষ্ঠুর (निष्ठुर, nishṭhur)—*a.* निर्दय, बेरहम, क्रूर, merciless, unkind, cruel, ruthless —তা (निष्ठुरता, nishṭhuratā) — *a.* कठोरता, निर्दयता, क्रूरता, mercilessness, cruelty, ruthlessness.

নিষ্ণ, নিষ্ণাত (निष्ण, निष्णात, nishna, nishnāt)—*a.* प्रवीण, पंडित, पूरा ज्ञानी, पारंगत, विज्ञ, निपुण, deeply versed in, accomplished, skilful, conversant.

নিষ্পক্ষ (निष्पक्ष, nishpakkha)—*a.* पक्षपातरहित, पक्षपातहीन, तटस्थ, impartial, unbiased.

নিষ্পত্তি (निष्पत्ति, nishpatti)—*n.* मीमांसा, विचार, समाप्ति, सिद्धि, solution, decision, settlement, completion, decree.

নিষ্পন্দ (निष्पन्द-अ, nishpanda)—*a.* कंप रहित, स्थिर, दृढ़, motionless, still, not beating or vibrating.

নিষ্পন্ন (निष्पन्न-अ, nishpanna)—*a.* सम्पन्न, समाप्त, सिद्ध, performed, accomplished, executed.

নিষ্পাপ (निष्पाप, nishpāp)—*a.* पाप रहित, निर्दोष, निरपराध, free from vice or crime, guiltless, sinless, pure.

নিষ্পিষ্ট (निष्पिष्ट-अ, nishpishṭa)—*a.* पीसा हुआ, कुचला हुआ, crushed, severely thrashed, heavily trodden, trampled on.

নিষ্পেষণ (निष्पेषण, nishpēshan) —*n.* पेषण, चूर्ण करना, चरम अत्याचार, crushing, thrashing severely, utmost oppression.

নিষ্প্রতিভ (निष्प्रतिभ, nishprativa) —*a* अप्रतिभ, दीप्तिशून्य, lacking genius, not bright, dull.

নিষ্প্রদীপ (निष्प्रदीप, nishpradip) —*a.* प्रदीप-शून्य, आलोकहीन, अन्धकार, having no lamp burning, void of lamp or light, dark, black-out.

নিষ্প্রভ (निष्प्रभ-अ, nishprabha)—*a.* प्रभाहीन, कांति या दीप्ति से रहित, not bright, not shining, dim, dull, obscure.

নিষ্প্রয়োজন (निष्प्रयोजन, nishprayojan)—*a.* प्रयोजन-रहित, बिना प्रयोजनका, अनावश्यक, unnecessary, needless, serving

no purpose, purposeless.

নিষ্প্রাণ (निष्प्राण, nishprān)—*a.* प्राणहीन, मृत, हृदयहीन, निर्मम, जड़, lifeless, dead, heartless, lacking vivacity, dull.

নিষ্ফল (निष्फल, nishfal)—*a.* फलहीन, निरर्थक, व्यर्थ, fruitless, ineffectual, futile, vain. —তা (निष्फलता, nishfalatā) —*n.* फलहीनता, व्यर्थता, fruitlessness, ineffectuality, failure.

নিসর্গ (निसर्ग, nisharga)—*n.* प्रकृति, स्वभाव, सृष्टि, nature, creation. নৈসর্গিক (नसर्गिक, naishargik) — *a.* प्राकृतिक, स्वाभाविक, natural.

নিসিন্দা (निसिन्दा, nishindā)—*n.* एक वृक्ष जिसका पत्ता दवा के काम में आता है, a harbal plant (its leaves are often smoked in gum troubles).

নিসূদন (निसूदन, nishudan)—*n.* वध, विनाश, killing or slaying, विनाशक, a killer.

নিস্তব্ধ (निस्तब्ध, nistabdha) —*a.* निःशब्द, सुनसान, निश्चेष्ट, जड़वत्, completely noiseless, silent or motionless.

নিস্তরঙ্গ (निस्तरंग, nistaranga) —*a.* तरंगहीन, स्थिर, having no waves, still, calm.

নিস্তার (निस्तार, nistār)—*n.* छुटकारा, मुक्ति, उद्धार, rescue. release, liberation.

নিস্তেজ (निस्तेज, nistēj) —*a.* तेजहीन, प्रभाहीन, मलिन, उदास, laking vigour, spiritless, feeble, dim, weakened.

নিস্পন্দ (निस्पंद, nishpanda)—*a.* स्पन्दन-रहित, स्थिर, not beating or throbbing, motionless.

নিস্পৃহ (निस्पृह, nishpriha)—*a.* इच्छा-रहित, संतुष्ट, free from desire, contented.

নিস্যন্দ (निस्यन्द, nishshanda) —*n.* निर्यास, स्राव, essence, oozing, exudation.

নিস্বন (निस्वन, nishshan)—*n.* शब्द, sound, noise.

নিহত (निहत, nihata)—*a.* हत, मार डाला गया, विनष्ट, killed, slain, smitten, murdered.

নিহন্তা (निहंता, nihantā)—*n.* संहारक, a killer, a slayer.

নিহাই (निहाइ, nihāi)—*n.* निहाई, an anvil, stithy.

নিহিত (निहित, nihita) — *a.* स्थापित, स्थित, रखा हुआ, गुप्त, placed, laid, kept, lying hidden, dormant, intrinsic. —স্বার্থ (निहित स्वार्थ, nihita shārtha) — *n.* छिपा स्वार्थ.

vested interest.

নীচ (नीच, nich)—*a* नीचा, निकृष्ट, अधम, हीन, low, inferior, base, mean, vile. —তা (नीचता, nichatā)—*n.* अधमता, क्षुद्रता, कमीनापन, lowness, meanness, baseness, vileness.

নীচু, নিচু (नीचु, निचु, nichu)—*a.* निम्न, नीचा, झूका हुआ, low, inferior, bent down.

নীড় (नीड़, nir̤)—*n.* घोंसला, आवास, nest, abode.

নীত (नीत, nita)—*a.* लाया हुआ, पहुँचाया हुआ, conducted, conveyed, carried, taken.

নীতি (नीति, niti)—*n.* सदाचार, श्रेष्ठ व्यवहार, कानून, good behaviour, morals, morality, law. —জ্ঞ (नोतिज्ञ, nitigya)—*a.* नोति का ज्ञानी या जानकार, acquainted with the rules of good behaviour or with ethical & moral precepts. —বিরুদ্ধ (नीतिविरुद्ध, nitibiruddha)—*a.* नीति का विरुद्ध, contrary to the rules of morality. —শাস্ত্র (नीतिशास्त्र, nitishāstra)—*n.* नीति विद्या, कानून. a book treating on ethics or morals, a work on politics.

নীপ (नीप, nipa)—*n.* कदंव, पहाड़ का नीचला भाग, the *Kadamba* tree or its flower, the foot of a mountain.

নীবার (नीवार, nibār)—*n.* एक वन्य धान, कोदो, a kind of wild-grown paddy, *Kodo*.

নীর (नीर, nir)—*n.* जल, पानी, water, aqua.

নীরদ (नोरद, nirad)—*n.* बादल, मेघ, cloud.

নীরন্ধ্র (नीरन्ध्र, nirandhra)—*a.* छिद्र रहित, having no hole or opening, dense, compact.

নীরব, নিরব (नारव, निरव, nirab)—*a.* शब्द रहित, चुप, मौन, without sound, noiseless, mute, silent.

